## शहर में आज



☞ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली द्वारा अधिशासी अभियंता वितरण खंड के कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर सभा किया जाएगा दोपहर 12 :00 बजे

☞ हिंदू कॉलेज में योग शिविर सुबह 8 :00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

# ईद-उल-अजहा: तीसरे दिन भी दी गई कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सोमवार को तीसरे दिन भी ईद-उल-अजहा मनाई गई। महानगर से लेकर देहात तक कुर्बानी का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। इस अवसर पर बकरों सहित अन्य पशुओं की कुर्बानी दी गई।

सोमवार को महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से ही लोग मस्जिदों से लौटकर कुर्बानी की तैयारियों में जुटगए। लोगों ने परंपरागत तरीके से नमाज पढ़ी और अल्लाह की राह में अकीदत के साथ जानवरों को कुर्बान किया। कुर्बानी का सिलसिला दोपहर बाद तक चला। इस दौरान महानगर के सभी इलाकों में नगर निगम की ओर से साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए गए थे। कुर्बानी के बाद साफ-सफाई लगातार जारी रही। नगर निगम की टीमों ने कुर्बानी स्थलों से अपशिष्ट सामग्री को हटाया और संक्रमण से बचाव के लिए कीटनाशकों का छिड़काव भी कराया। शाम को विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों में दावतें शुरू हो गई। जहां लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और मिलकर व्यंजनों का आनंद लिया।

वहीं महानगर के भूड़े का चौराहा स्थित कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम के आवास पर ईद उल अजहा के मौके पर कबाब पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें महानगर के राजनैतिक व अन्य लोगों ने शिकरत की।

## कांठ रोड पर सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर निगम द्वारा सड़क किनारे लगाए गए पेड़-पौधे

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश...गर्मी में सहारा बनी ग्रीन बेल्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **भित्ति चित्रण व विभिन्न आकृतियों से पौधों के देखभाल की मिल रही प्रेरणा**
- **यहां नये पौधे लगाने के साथ उम्रदराज पेड़ों को भी किया जा रहा संरक्षित**

**अमृत विचार :** ग्रीन बेल्ट में पर्यावरण संरक्षण का संदेश लोगों में जागरुकता बढ़ा रहा है। साथ ही ये गर्मी में लोगों के ठहरने का सहारा बनी हुई है। कांठ रोड पर सिविल लाइंस क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विकसित ग्रीन बेल्ट प्रदेश के अन्य के लिए आदर्श है। जन प्रतिनिधियों ने इसकी तर्ज पर दूसरे निगमों में भी इस प्रकार का कार्य करने के लिए कहा है।

ग्रीन एंड क्लीन मुरादाबाद की संकल्पना को बढ़ाते हुए ग्रीन बेल्ट में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कांठ रोड स्थित ग्रीन बेल्ट में सड़क की दोनों पटरियों पर नगर निगम की ओर से लगाए गए पौधे भीषण गर्मी में लोगों को सहारा दे रहे हैं। इसकी छांव में वाहन रोक कर लोग राहत पाते हैं। यहां वर्षों पुराने कई पौधों को संरक्षित करने के अलावा नये पौधे भी लगाए गए हैं। भित्ति चित्रण के साथ ही विभिन्न प्रकार की आकृतियों के माध्यम से पौधे की देखभाल व उसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है। आकर्षक कृतियों को देखकर लोग बरबस ही यहां रुक जाते हैं। पेड़ों की छांव में राहत पाने के बाद लोग यहां सेल्फी भी लेते हैं। रात में रंगबिरंगी लाइटों में यहां का नजारा बेहद आकर्षक लगता है। वहीं सिविल लाइंस में अटल पथ पर भी सड़क की एक पटरी पर पौधे लगाने के साथ ही पुलिस अकादमी वाले रास्ते पर ग्रीन बेल्ट में कई प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। जिससे दोपहर में भी यहां से गुजरने पर सुखद अनुभूति होती है। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार का कहना है कि रामपुर रोड पर भी ग्रीन बेल्ट का दायरा बढ़ाया गया है।



कांठ रोड पर ग्रीन बेल्ट में पर्यावरण के लिए जागरूक करती पेंटिंग। ● अमृत विचार

# सूरज की तपिश ने झुलसाया, 40 पर पारा

## शाम तक रहा तेज धूप का असर, अभी दो दिन और झेलनी होगी भीषण गर्मी व लू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सूरज की किरणें सोमवार को मानों आग उगल रहीं थी। दोपहर में सूरज की तपिश ने लोगों को झुलसा दिया। चंद मिनट में ही यूं लग रहा था जैसे शरीर जल जाएगा। राहत पाने के लिए लोग सिर ढक रहे तो पसीने से पूरा शरीर भीगता रहा। पूरे दिन धरती तेज धूप से तपती रही। लोग बारिश के लिए इंद्रदेव से मनुहार करते रहे।

जून के दूसरे सप्ताह में गर्मी फिर चरम पर है। अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने से सुबह 10 बजे के बाद ही धूप असहनीय हो गई। दोपहर में लोग सड़कों पर निकलने से कतराते रहे। जिसे जहां छांव मिली रुक कर राहत पाने में लगा रहा। कई लोगों ने सिर पर गमछा व कैप भी लगाया लेकिन तेज धूप में सब बेअसर होता रहा। घरों व प्रतिष्ठानों में तेज धूप के चलते पंखा व कूलर की हवा बेदम साबित होने से पूरे समय लोग पसीना पोछते रहे। सड़कें दोपहर में सूनी रहीं। शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर खूब भीड़ रही। गन्ने का जूस, नारियल पानी, कोल्ड ड्रिंक्स पीकर लोगों ने गला तर करने के साथ गर्मी से राहत पाई। बोतलबंद पानी भी भी खूब बिक्री हुई। धूप और लू का असर शाम तक रहा। बिजली की आवाजाही से कूलर एसी बंद होने पर लोगों की बेचैनी बढ़ती रही। कहीं भी चैन न मिलने से लोगों में चिड़चिड़ापन बढ़ गया। तेज धूप और गर्मी के चलते ग्रीष्मावकाश में भी बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पूरा दिन उनका घर में ही बीत रहा है। शाम को भी सात बजे तक धूप का असर रहा रहा है।

न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस होने से रात में भी गर्मी बरकरार रही। आर्द्रता 42 प्रतिशत रहा। जबकि 7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली लू ने लोगों को बेदम कर दिया। इस वर्ष अब तक का अधिकतम तापमान कई बार 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। सोमवार को पहली बार अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस साल में अब तक सबसे अधिक है।



गर्मी से बचाव के लिए सिर पर दुप्पट्टा रखकर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार



दोपहर में धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती महिला।

### ...और खिसका मानसून अब 13 से पड़ेगी प्री मानसून की फुहार

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि अभी 11 जून तक सूरज की तपिश और बढ़ेगी। 12 या इसके बाद प्री मानसून की बारिश का अनुमान है। उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 20 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय होगा।

### अब तक का सबसे गर्म दिन रहा सोमवार

कांठ, अमृत विचार : इस वर्ष अब तक सबसे गर्म सोमवार का दिन रहा। भीषण गर्मी और गर्म हवा चलने के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे। अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान लगातार बढ़ने के कारण गर्मी बढ़ती जा रही है। सोमवार को दिन निकलते ही सूरज तपिश से लोग परेशान रहे। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा से लोग बेहाल रहे। दिनभर पसीने से तरबतर रहे और गर्मी से बचने के लिए छांव की तलाश करते नजर आए। लोग धूप से बचने के लिए सिर और मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाते हुए दिखाई दिए। दोपहर में लोग घरों से बाहर नहीं निकले, जिस कारण सड़कों और बाजारों में सूनापन छाया रहा। शाम पांच बजे के बाद गर्मी का असर कम होने के कारण लोग घरों से बाहर निकले। इसके बाद बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही।

# सफर से ज्यादा गर्मी के बीच स्टेशन पर समय काट रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **11 से 16 घंटे की देरी से चल रहीं अधिकतर ट्रेनें**

**अमृत विचार :** सोमवार को भी भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों के बिगड़े संचालन ने यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा कर दिया। यात्री गर्मी में घंटों ट्रेनों के इंतजार में रेलवे स्टेशन पर ही बैठे रहे। पिछले काफी दिनों से लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। वहीं स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी में मंडल मुख्यालय से होकर गुजरने वाली दैनिक व स्पेशन ट्रेन में देरी से चल रही हैं। देरी से आने वाली ट्रेनों के इंतजार में यात्री गर्मी में परेशान हो रहे है। गर्मी के मौसम में समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी बिगड़ा हुआ चल रहा है। कुछ दिनों ने दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें की यात्रियों की दुश्वारियों का सबब बन रही है।

कुछ ट्रेनें से 11 से 16 घंटे तक देरी से संचालित हो रही है। सोमवार को भी मुरादाबाद में 5 से ज्यादा ट्रेनें अपने अपने तय समय से काफी देरी से पहुंची, जिससे यात्री गर्मी में काफी परेशान हुए।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04601 | फिरोजपुर कैंट | 11 घंटे 32 मिनट |
| 04214 | आयोध्या कैंट स्पेशल | 2 घंटे 35 मिनट |
| 04029 | आनंद विहार टमिर्नल स्पेशल | 13 घंटे 7 मिनट |
| 04011 | दिल्ली समर स्पेशल | 16 घंटे 45 मिनट |
| 54392 | गजरौला-अलीगढ़ पैसेंजर | 1 घंटा 23 मिनट |
| 15211 | जननायक एक्सप्रेस | 2 घंटे 18 मिनट |
| 05577 | आनंद विहार गरीबरथ | 4 घंटे 16 मिनट |

# 14 को रामगंगा विहार में लगेगा रक्तदान शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट की बैठक सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क दीनदयाल नगर में हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट और संचालन मेजर सुदेश भटनागर ने किया।

अध्यक्ष ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा 14 को रक्तदान शिविर मिड टाउन क्लब रामगंगा विहार में लगाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सलिल सक्सेना रहेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान दिवस पर इस शिविर में अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें। जिससे गंभीर मरीज का इलाज रक्त की कमी से न रुके। बैठक में दीपक सक्सेना, अनिल सक्सेना, दिलीप भटनागर, गिरीश सक्सेना, बीके सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# फाइव डी मोशन थिएटर, 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन के लिए अभी करना पड़ेगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कंपनी बाग में फाइव डी थिएटर 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन का होना था मंगलवार को लोकार्पण**
- **खेलो इंडिया मुहिम के अंतर्गत खेल स्टेडियम का शिलान्यास भी था प्रस्तावित**

**अमृत विचार :** महानगर वासियों को नगर निगम की ओर से मिलने वाली बड़ी सौगात फाइव डी मोशन थिएटर व 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। इसके 10 जून को निर्धारित लोकार्पण का कार्यक्रम टल गया है।

कंपनी बाग में नगर निगम ने फाइव डी मोशन थिएटर और 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन के माध्यम से पर्दे और स्क्रीन पर सजीव फिल्म व डाक्यूमेंट्री दिखाने की सौगात तैयार कर रखी है। बस इसके उद्घाटन का इंतजार है। पहले मुख्यमंत्री के हाथों इसके उद्घाटन की तैयारी थी। लेकिन मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम तय न होने पर महापौर विनोद अग्रवाल ने 10 जून को इसका लोकार्पण कराने के लिए मुख्य अतिथि बनाने के लिए प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को पत्र लिखा। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया लेकिन उनके आने का कार्यक्रम फाइनल न होने से 10 जून को लोकार्पण कार्यक्रम टल गया है। इसके अलावा खेलो इंडिया मुहिम के अन्तर्गत स्टेडियम का शिलान्यास भी कराया जाना था। लेकिन अब इनके लिए राह देखनी होगी।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि प्रदेश के जलशक्ति मंत्री के आने का कार्यक्रम तय नहीं हो पाया। लोकार्पण की तिथि बाद में निर्धारित होगी।



कंपनी बाग में स्थित चिल्ड्रन पार्क में बना फाइव डी मोशन थिएटर। ● अमृत विचार

# नियमित दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए योग

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- **हिंदू महाविद्यालय में आयोजित योग संगोष्ठी में बोले प्राध्यापक**

**अमृत विचार :** हिंदू महाविद्यालय में 10 दिवसीय योग शिविर के अंतर्गत सोमवार को योग संगोष्ठी हुई। प्राध्यापकों ने छात्रों को बताया कि योग सर्व धर्मोंपरि है इसके सही अर्थ को समझने की जरूरत है।

हिंदू कॉलेज के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. बीके तिवारी ने कहा कि मन की वृत्तियों का निरोध या संयम ही योग है। योग विचलित मन को एकाग्रता प्रदान करता है। समाजशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. एसबी यादव ने कहा कि योग सर्व धर्मोंपरि है इसलिए इसके सही अर्थ को समझने की आवश्यकता है। यह नियमित दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उन्मेष कुमार सिन्हा ने कहा कि योग ऊर्जा को संचित करने का माध्यम है। अंत में योग समिति के प्रभारी व उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अकरम परवेज आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. हरिओम सिंह, डॉ. सुंदर सिंह, कुशल कुमार, पवन सिंह, सूरज वर्मा, सुनील कुमार के अलावा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




हिंदू महाविद्यालय में योग संगोष्ठी को संबोधित करते प्राध्यापक। ● अमृत विचार

# योग से मिलती है मानसिक शांति



लोगों को योग प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- **गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली**

**अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत क्रीडा विभाग द्वारा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्राओं ने जागरूकता रैली भी निकाली।

प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने भी कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। योग आज भारत में ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय रूप से भी लोकप्रिय हो गया है। इसके मानसिक शांति प्राप्त होती है। इसके द्वारा हम अपने मन, शरीर और दिमाग तीनों को स्थिर करके अपने कार्य की ओर अधिक से अधिक सफलतापूर्वक कर सकते हैं। इससे व्यक्तित्व का भी विकास संभव है। व्यक्ति योग के द्वारा अपने मानसिक एवं शारीरिक तनाव को भी कम कर सकता है।

प्राचार्य ने छात्राओं को फास्ट फूड से दूर रहने के साथ-साथ योग को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बड़ी से बड़ी बीमारी भी योग और सही खानपान से ठीक हो सकती है। प्राचार्या ने छात्राओं को कहा कि नृत्य भी एक प्रकार का योग है। छात्राओं ने रैली में नारे लगाकर आसपास के लोगों को योग के लाभ बताए। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीड़ा विभाग की प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सविता अग्रवाल, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सीमा अग्रवाल, गुलबहार व छात्राएं उपस्थित रहीं।

# लो वोल्टेज तो कहीं फेस न आने से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **गर्मी में तार टूटकर सड़क पर गिरते रहे, पूरे दिन परेशान होते रहे उपभोक्ता**

**अमृत विचार :** सोमवार को सुबह से ही बिजली उपकरणों में फॉल्ट का सिलसिला शुरू हो गया। बढ़ती खपत और गर्मी से एक ही दिन में एलटी लाइन के तार कई बार टूट कर सड़क के बीच गिरे। कटघर वीर शाह हजारी के रहने वाले उपभोक्ताओं के फोन करने के कई घंटों बाद बिजली कर्मचारियों ने तार जोड़े। प्रभात मार्केट पर सुबह से लो वोल्टेज का संकट बना रहा।प्रिंस रोड और भूड़े का चौराहा,गलशहीद के आधे क्षेत्र में रहने वाले लोगों की एक फेस की बिजली गुल होने से दोपहर तक आपूर्ति प्रभावित रही।

सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिन में तीसरी बार कटघर क्षेत्र के वीर शाह हजारी मोहल्ले बजे 11 हजार की लाइन का तार टूट गया। जिसके बाद गुलाबबाड़ी फाटक तक के लगभग 800 उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। दो घंटे बाद आए कर्मचारियों के तार जोड़ने के तीन घंटे बाद उसी तार में फिर आग लग गई। तार टूट कर सड़क के बीचोबीच गिर गया। इससे सड़क पर भीड़ लग गई। तार आधे घंटे तक पड़ा रहा जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति दिन में तीन बार आई।

वहीं रविवार की देर रात 1 बजे पीतल नगरी, इंद्रा कॉलोनी, हनुमान मूर्ति मोहल्ले में बिजली के तार टूट गए। जिससे पूरी रात आपूर्ति गुल रही। सुबह 10 बजे पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पावर सप्लाई ट्रांसफार्मर की लीड जोड़ी तब जा कर बिजली आपूर्ति सुचारू हुई। सुबह से ही प्रभात मार्केट पर लो वोल्टेज के कारण दोपहर तक वहां रहने वाले बिजली उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की संकट झेलना पड़ा। प्रिंस रोड और भूड़े का चौराहा के 500 से अधिक उपभोक्ताओं का बिजली का एक फेस गायब हो गया। जिसके साथ गलशहीद मोहल्ले के आधे क्षेत्र में रहने वाले लोगों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

> दो दिन से गर्मी के चलते खपत अधिक होने से फॉल्ट बढ़ गए है। वीर शाह मोहल्ले में एक ही तार तीन बार टूटा है, इसे दिखवाते हैं। जरूरत होगी तो तार बदलवाएंगे। प्रभात मार्केट में हो सकता है कि कहीं एक फेस टूट गया। हनुमान मूर्ति पर तारों में फॉल्ट हो गया था। रात एक बजे सही करा दिया गया था।
>
> **– योगेश कुमार,** अधिशासी अभियंता नगरीय वितरण खंड, तृतीय



वीर शाह हजारी कटघर में सड़क पर टूट कर गिरा केबल।

# आरएसएस ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस का आयोजन किया गया। नया मुरादाबाद के सेक्टर 5 में स्थित छत्रपति शिवाजी पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा संघ के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया।

हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथाओं पर वर्णन किया। बताया कि उन्होंने किस तरह से लड़ाइयां लड़ी। सभी को एकत्रित रखा और देश के लिए हमेशा मर मिटने के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, हिमांशु, सचिन, सचान, अंकित, योगेंद्र, अरविंद, यथार्थ, हितेश, मन्नू आदि स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईजीआरएस में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं, 11 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **मंडलायुक्त ने इसके अलावा 7 को दी चेतावनी**
- **दो अधिकारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोका**

**अमृत विचार :** जनहित की अनदेखी व कार्यों में लापरवाही मंडल स्तर के अधिकारियों पर भारी पड़ी। मंडलायुक्त ने 11 मंडलीय अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि, 7 को चेतावनी और दो अधिकारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया है।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने 11 मंडलीय अधिकारियों को आईजीआरएस में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने और शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्ट फीडबैक देने पर नाराजगी जताते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि दी। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों के 07 मंडलीय अधिकारियों को चेतावनी जारी किया। साथ ही 2 अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए निर्देश दिया है। इससे अधिकारियों में खलबली मच गई है।

### अपर आयुक्त द्वितीय को बनाया पब्लिक ग्रीवांस अधिकारी, सुनेंगे शिकायतें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में जनता की शिकायतों को सुनकर उसका निस्तारण कराने के लिए अपर आयुक्त द्वितीय को पब्लिक ग्रीवान्स अधिकारी नामित किया है। जो मंडलायुक्त की उपस्थिति/अनुपस्थिति में अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहकर जनशिकायतों की सुनवाई करेंगे और जनता की समस्याओं का उचित समाधान के लिए कदम उठाएंगे। अपर आयुक्त द्वितीय शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक भी प्राप्त कर मंडलायुक्त को बताएंगे। अपर आयुक्त-द्वितीय की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त-प्रथम लिंक अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि अन्य मंडलीय अधिकारी भी अपने कार्यालय में प्रत्येक कार्यदिवस में जनशिकायतों की सुनवाई कर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अपर आयुक्त-द्वितीय के माध्यम से जनशिकायतों के फीडबैक को उनके समक्ष लाना सुनिश्चित करेंगे।

### आज का मौसम

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी

39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:12

# ओपीडी में उमड़े मरीज, व्यवस्था बनाने में छूटे पसीने

## शनिवार को हाफ डे व रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, होमगार्डस ने संभाली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हर काउंटर पर लगी लंबी कतार, पर्चा बनवाने व डॉक्टर को दिखाने में करना पड़ा काफी इंतजार

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की संख्या काफी अधिक रही। ओपीडी में हर काउंटर पर लंबी कतार लगी रही। व्यवस्था बेपटरी हो गई। कई डॉक्टरों के समय से कक्ष में उपस्थित न होने के चलते मरीजों को कई घंटे इंतजार करना पड़ा तो कई मरीज बिना इलाज के ही लौट गए।

जिला अस्पताल की ओपीडी शनिवार को भी ईद के अवकाश के चलते हाफ डे दोपहर 12:00 बजे तक चली। जबकि रविवार को अवकाश के दिन अस्पताल बंद रहा। जब सोमवार को अस्पताल खुला तो पर्चा बनवाने के काउंटर से लेकर चिकित्सकों के ओपीडी कक्ष और दवा वितरण काउंटर, एक्सरे, पैथालॉजी में लंबी लाइन सुबह ही लग गई। मरीजों को पर्चा बनवाने व जांच कराने के लिए जूझना पड़ा। ओपीडी में 1500 से अधिक मरीज जिसमें नए व पुराने शामिल रहे। कई मरीजों ने लाइन तोड़कर पर्चा बनवाने का प्रयास किया तो पीछे खड़े लोगों ने हंगामा किया। मारपीट की नौबत आई तो होमगार्डों ने संभाला। मरीजों व तीमारदारों की भीड़ को संभालने में होमगार्ड भी पसीना-पसीना हो गए।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे मरीज व तीमारदार। • अमृत विचार



जिला अस्पताल में बच्चों का चेकअप करते चिकित्सक। • अमृत विचार



सुबह 10 बजे आए थे। एक घंटे लाइन में लगकर भी जब पर्चा बनवाने का नंबर नहीं आया तो पत्नी को लाइन में लगाकर बैठकर कर इंतजार किया। – **राजा**, मरीज



लीवर में सूजन का उपचार कराने आए थे। सुबह साढ़े नौ बजे से लाइन में लगे हैं और डेढ़ घंटे बाद भी नंबर नहीं आया। मरीज बढ़ रहे हैं तो अस्पताल में सुविधा भी बढ़नी चाहिए। – **शबीना**, मरीज

### डायरिया- बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा

चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी और लू के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। बीते दिनों में डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सोमवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी जहां डायरिया, बुखार और पानी की कमी से पेट में दर्द के मरीज आए। इसमें सबसे ज्यादा बच्चों की संख्या रही। गंभीर बच्चों को भर्ती भी किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मुजीबुल्लाह ने बताया कि गर्मी और लू ने सबसे ज्यादा बच्चों को चपेट में लिया है। कारण बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। ऐसे में कोई भी बीमारी तेजी से उन्हें अपनी चपेट में ले लेती है। मौसम को देखते हुए अभिभावकों को बच्चों की अधिक देखभाल करने की जरूरत है। शाम होने पर भी बच्चों को तभी घर से बाहर खेलने के लिए भेजें जब ठंडक का एहसास हो। अधिक से अधिक से पानी पीने की जरूरत है। जरूरी है कि बच्चों की जंक फूड से दूरी बनवाई जाए।

### नहीं मिली व्हीलचेयर पत्नी को गोद में लेकर भटकता रहा पति

संभल निवासी शाने आलम पत्नी का विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे थे। इमरजेंसी में चिकित्सकों ने सीएमओ से मिलने के लिए कहा। उन्होंने पत्नी को ले जाने के लिए व्हीलचेयर या स्ट्रेचर उपलब्ध कराने की बात कही तो मना कर दिया गया। ऐसे में वह पत्नी को गोद में लेकर ही भटकते रहे। हालांकि, एक व्यक्ति ने अपनी गाड़ी बैठाकर उन्हें सीएमओ ऑफिस पहुंचाया।



जिला अस्पताल में व्हीलचेयर न मिलने पर पत्नी को गोद में लेकर जाते शाने आलम।



डॉक्टर न होने पर उपचार कराने के इंतजार में नेत्र रोग ओपीडी के बाहर बैठे मरीज।

### कक्ष में नहीं, मिले डॉक्टर तो बाहर इंतजार करते रहे मरीज

नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में चिकित्सक के न मिलने पर मरीज बाहर ही बैठकर इंतजार करते रहे। कुछ मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ा। ऐसे में मरीजों को काफी परेशानी हुई। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों को हुई।

"मरीजों को सुविधाओं के साथ बेहतर उपचार मिले, यही प्राथमिकता है। डॉक्टर कक्ष में नहीं बैठ रहे इसकी जानकारी नहीं है। जांच कराई जाएगी, किसी तरह की शिथिलता मिलती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। – **राजेंद्र कुमार**, चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

## एक नजर

### पुलिसकर्मियों पर टिप्पणी वाला वीडियो वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोशल साइट पर सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक युवक पुलिसकर्मियों के सामने खड़े होकर अभद्र भाषा का प्रयोग करता दिख रहा है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में युवक पुलिस पर कैमरा फोकस करते हुए कहता है, रोक ले, जानता नहीं है कि किसान यूनियन के मंत्री बैठे हैं। इस दौरान पुलिसकर्मी साइड में खड़े नजर आते हैं, लेकिन युवक के इस व्यवहार पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कोहिनूर तिराहे से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल अधिकारियों की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

### एमडीए ने 4 बीघा जमीन पर ध्वस्त कराई प्लॉटिंग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमडीएम ने सोमवार को गौहरपुर सुल्तानपुर में चार बीघा जमीन पर हो रही है अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि इस्लाम नगर चौराहा से आगे डिलारी रोड पर आलोक अग्रवाल द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 4 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी।

## सड़क पर भैंसा काटने से मना करने पर की मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में सड़क पर भैंसा काटने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक और उसके भतीजे को पीट दिया। तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला डेहरिया निवासी दिलशाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती सात जून को ईद-उल-अजहा के दिन सुबह लगभग 10 बजे नोरान, दानिश और उसके भाई ने खुली सड़क पर भैंसा काट दिया। मना करने पर वह लोग नहीं माने तो उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को कटा हुआ जानवर और अवशेष सड़क से हटाने को कहा और चले गए। इसके बाद भी आरोपियों ने जानवर को नहीं हटाया।

पीड़ित के अनुसार उसी रात वह टहलने के के बाद घर लौट रहा था। तभी आरोपियों ने घेरकर उसे जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों ने दिलशाद को बचाया तो वह भाग कर तहसील चौकी पर पहुंच गया। आरोप है कि वहां आरोपियों ने उसे और उसके भतीजे फरमान के साथ मारपीट की, जिसमें भतीजा घायल हो गया। थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी नोमान, दानिश और उसके भाई के खिलाफ मारपीट, धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाइक खड़ी करने के विवाद में टेलर की पीटकर हत्या में दो आरोपी हिरासत में लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मझोला थाना के कांशीरामनगर चौकी क्षेत्र में रविवार रात को दिया था घटना को अंजाम

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के कांशीराम नगर में बीते रविवार की रात कार के आगे बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार आरिफ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने पहले आरिफ के बेटे फाजिल को पीटा और उसके बाद दुकानदार पर बैठे आरिफ पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने साजिद, आसिफ, असिस, आदिल, कैफ, मुस्लिम और मुख्तयार उर्फ मुखिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर स्थित शराफत नगर हड्डी मिल के पास रहने वाले आरिफ टेलर थे। मकान के नीचे ही दुकान खोल रखी है। एक मकान नया गांव में भी है। बीते रविवार की रात आरिफ का बेटा फाजिल कार लेकर नया गांव जा रहा था। रास्ते में मुस्लिम के बेटे असिस ने फाजिल की कार के सामने बाइक खड़ी कर दी। कहने के बाद भी बाइक नहीं हटाई तो दोनों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया। लोगों के समझाने पर फाजिल कार लेकर चला गया। एक घंटे बाद असिस अपने परिजन साजिद, आसिफ, आदिल, कैफ, मुस्लिम और मुख्तयार उर्फ मुखिया के साथ दुकान पहुंचा और आरिफ को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गए। लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गए। परिजन घायल को जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया।

परिजन घायल को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने साजिद, आसिफ, असिस, आदिल, कैफ, मुस्लिम और मुख्तयार उर्फ मुखिया के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद आरिफ का शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## युवक से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की ब्रजधाम कॉलोनी गोविंद नगर निवासी एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया।

थाना कटघर पुलिस को दी गई तहरीर में अभिषेक तोमर ने बताया कि बीते शनिवार की देर में वह अपने घर से एक दावत में शामिल होने के लिए निकला था। तभी उसके घर के सामने स्थित मंदिर के पास खड़ा आरोपी आशीष श्रीवास्तव उसे देखकर अचानक गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गया। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हत्यारोपी पत्नी व ससुर गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, बिलारी

- आरोपी प्रेमी फरार, सतारन गांव के जंगल में मिला था प्रदीप का शव
- मृतक के पिता ने बेटे को प्रताड़ित कर हत्या करने की दी थी तहरीर

**अमृत विचार :** बीते शुक्रवार को बिलारी कोतवाली क्षेत्र के सतारन गांव के जंगल में पुलिस को अज्ञात शव मिला था। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंचे थे, जहां शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सही कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रख लिया गया। अगले दिन मृतक की पहचान मझोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोहरपुर निवासी प्रदीप(26) के रूप में हुई थी।

मामले में मृतक प्रदीप के पिता महेश ने मृतक प्रदीप की पत्नी पूजा उसके ससुर हरकिशन और पूजा के प्रेमी सरजन निवासी जैतिय फिरोजपुर के खिलाफ उसके बेटे को प्रताड़ित कर मारने की तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने पत्नी पूजा ससुर हरकिशन और पूजा के प्रेमी सृजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमे में मृतक की आरोपी पत्नी पूजा और ससुर हरकिशन को सोमवार दोपहर सिरसी रोड से टांडा अमरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है, दोनों ही गांव छोड़कर भागने की फिराक में थे। बताया कि अभी तीसरा आरोपी पूजा का प्रेमी सृजन फरार है, उसकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार दबिश दी जा रही है। बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की हिरासत में आरोपी पत्नी पूजा और ससुर हरकिशन।

### रिश्तेदारी व इंस्टाग्राम ने बढ़ाई नजदीकियां

शादी के बाद से पूजा ने पति प्रदीप से लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया। उसकी वजह थी रिश्तेदार सृजन। इंस्टाग्राम के माध्यम से जान पहचान बढ़ी तो धीरे-धीरे दोनों एक दूसरे के करीब आ गए थे। इसके बाद पूजा अक्सर बिना बताए ही अपने मायके में आकर रहने लगती थी। जिस कारण प्रदीप तनाव में रहता था।

### बेटे से मिलने गया था प्रदीप, पूजा ने भगाया

घटना के एक दिन पहले प्रदीप अपने 2 वर्षीय इकलौते बेटे से मिलने ससुराल गया था जिसके बाद पूजा ने प्रदीप को उसके बेटे से मिलने नहीं दिया और घर से भगा दिया जिससे आहत होकर शायद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसका शव जंगल में ट्यूबवेल के पास पड़ा हुआ मिला। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पिता की मौत और मां के जेल जाने के बाद 2 साल के बेटे को हर कोई दया के भाव से देख रहा है और उसके भविष्य की चिंता कर रहे हैं।

## पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से मारपीट

संवाददाता, कुंदरकी

- युवकों पर लूट का आरोप, पीड़ित ने दी तहरीर

**अमृत विचार :** सोमवार को हाईवे स्थित पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान के पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से मारपीट और पैसे लूटने का मामला थाने पहुंचा है।

सेल्समैन ने शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। सेल्समेन रवि जाटव ने बताया कि वह सोमवार की सुबह गाड़ियों में तेल डाल रहा था। 8:00 बजे के आसपास बाइक पर सवार दो युवक एक कैन में 500 का डीजल लेने आए थे। युवक डीजल कम बताते हुए गाली-गलौज करने लगे। उसने दोबारा डीजल को नाप कर दिखा दिया जो कि पूरा निकला लेकिन इसके बाद भी युवक नहीं माने और उन्होंने फोन करके कुछ और लड़कों को वहां पर बुला लिया। 9 से 10 लड़के पहुंच गए और उसे मारा पीटा। आरोपी 12000 रुपये छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घटना सीसीटीवी में कैद है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत ने बताया कि मामला कम तेल देने के विवाद में हुए झगड़े का लग रहा है। जांच की जा रही है।

# बहू कर रही उत्पीड़न, धमकाता है समधी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुजुर्ग दंपती ने पुत्रवधु व उसके परिजनों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग दंपती ने पुत्रवधु, उसके पिता व अन्य पर कई आरोप लगाए हैं। आरोप है कि विवाह के कुछ महीनों बाद से बहू और उसके पिता मानसिक उत्पीड़न, धमकी और आर्थिक धोखाधड़ी करते रहे है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर बहू, उसके पिता समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र की बैंक कॉलोनी कॉलोनी निवासी पीड़ित ने बताया कि उनके बेटे का विवाह मार्च 2023 में राधा सैनी से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद राधा के पिता ठाकुरदास ने तीन लाख रुपये उधार लेने की बात कहकर पीड़ित से दो लाख 15 हजार रुपये नगद ले लिए। लेकिन तय समय पर रकम लौटाने के बजाय टालमटोल करते रहे। जब पैसे वापस मांगे गए तो धमकी दी गई कि यदि दबाव बनाया गया तो झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा। पीड़ित ने बताया कि 12 जून 2024 को ठाकुरदास परिचितों के साथ उनके घर में घुस आया और बेटे राजीव के साथ मारपीट की, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद 18 जून को वह पुनः कुछ लोगों के साथ घर आया और बहू राधा को साथ ले गया। जाते समय राधा अलमारी में रखे छह तोले सोने और साठ तोले चांदी के जेवरात व 30 हजार रुपये नगद भी साथ ले गई। पीड़ित का यह भी कहना है कि बहू अब झूठे आरोप लगाकर उनके दूर के रिश्तेदारों को भी परेशान कर रही है और उनकी बेटी की फोटो वायरल करने की धमकी दे रही है। पीड़ित परिवार ने अपनी जान व माल की सुरक्षा की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि शिकायत पर नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सड़क पर रोड़े में फिसली स्कूटी होटल संचालक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रविवार रात मझोला थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में बीते रविवार की देर रात सड़क पर पड़े रोड़े के कारण होटल संचालक की स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। इस हादसे में घायल होटल संचालक की मौत हो गई। हालांकि मृतक के भाई ने अज्ञात वाहन चालक पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए मझोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

थाना मझोला के लाइनपार चाऊ की बस्ती निवासी नितिन गुप्ता (48) का नया मुरादाबाद सेक्टर 12 में एस्पियन नाम से होटल कम रेस्टोरेंट है। परिवार में पत्नी अनीता, एक बेटा शोभित और बेटी काव्या हैं। बताया गया कि रविवार देर रात लगभग11:30 बजे नितिन गुप्ता स्कूटी द्वारा होटल से घर लौट रहे थे। दिल्ली रोड मझोला में थाने के सामने पहुंचे तभी सड़क पर पड़ी रोड़े के कारण उनकी स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे में नितिन गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें लेकर अस्पताल पहुंची, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मोर्चरी पर पहुंच गए। सोमवार की सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना मझोला आरपी शर्मा ने बताया कि मामले में नितिन के छोटे भाई यश गुप्ता की ओर से तहरीर मिली है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि आज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मारी, जिससे उनके भाई नितिन गुप्ता की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**सुविधाओ का अभाव** | खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए नहीं मिल रहे संसाधन, मिला तो सिर्फ आशवासन

# स्टेडियम में कोच न सुविधाएं ...खिलाड़ी कैसे लगाएं जीत का पंच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच न होने के चलते जनवरी में स्थगित हुआ था बॉक्सिंग कैंप

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खिलाड़ी बिना कोच के ही बॉक्सिंग का अभ्यास कर रहे हैं। इसके लिए स्टेडियम से उन्हें कोई संसाधन भी नहीं मिल रहा है। बॉक्सिंग खिलाड़ियों के सामने चुनौती है कि वह किसी टूर्नामेंट में जीत का पंच कैसे लगाएंगे।

स्टेडियम में बॉक्सिंग कोच न होने से कैंप जनवरी से स्थगित चल रहा है। पिछले वर्ष नवंबर में एसके क्षेत्री को बाक्सिंग कोच से हटा दिया गया था। तब से कोच की तैनाती नहीं हुई। जिससे कैंप भी आयोजित नहीं हो पा रहा है। स्टेडियम में बॉक्सिंग के 30 खिलाड़ी पंजीकृत हैं। ये खिलाड़ी सीनियर खिलाड़ी रवि के निर्देशन में अभ्यास कर रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि कोच न होने से अभ्यास में परेशानी होती है। अभ्यास के लिए स्टेडियम की ओर से ग्लब्स, पैड, पंचिंग बैग तक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कई बार क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी से बात की लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि कोच की तैनाती के लिए 8 जून तक आवेदन मांगे गए थे। ट्रायल व परीक्षा की प्रक्रिया में सफल होने के बाद ही किसी अभ्यर्थी को कोच नियुक्त किया जाएगा।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में जर्जर स्थिति में बॉक्सिंग रिंग। • अमृत विचार

### बॉक्सिंग रिंग जर्जर हाल

बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन हुए अभी दो साल भी पूरे नहीं हुए हैं। देखरेख न होने से रिंग धूल फांक रहा है। खिलाड़ी रिंग से धूल हटाकर फिर अभ्यास करते हैं या वर्क आउट करके ही वापस लौट जाते हैं।



रिंग की रस्सी भी जगह-जगह से टूट रही है। कोच न होने से काफी परेशानी होती है। सीनियर खिलाड़ी जो बताते हैं उसके अनुरूप अभ्यास करते हैं। – **भानु**, खिलाड़ी



बॉक्सिंग रिंग पर हर रोज धूल जमी रहती है। कोच न होने से खेल की बारीकियों की जानकारी नहीं हो पाती है। – **रोनित**, खिलाड़ी



स्टेडियम की ओर से खेल के लिए कोई संसाधन नहीं दिए जा रहे हैं। प्रतिदिन खुद की किट लाकर अभ्यास करना पड़ता है। – **जगजोत सिंह**, खिलाड़ी



बॉक्सिंग कोच और खेल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कई बार कहा लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। – **रवि**, खिलाड़ी

## पति पर उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की महिला ने कोर्ट में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 2013 में उसकी शादी लोकोशेड निवासी अर्पित कुमार से हुई थी। शादी के बाद उसे पति की शराब व नशे की लत का पता चला। आरोप है कि पहली रात से ही आरोपी ने अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारापीटा। बताया कि पति अक्सर शराब के नशे में उसे पीटकर घर से बाहर निकाल देता। इज्जत की खातिर वर्षों सब सहन किया। इस दौरान उसके आभूषण भी पति ने अपने पास रख लिए। उसका एक पुत्र भी है, जिसकी देखभाल वह स्वयं कर रही है। पीड़िता ने बताया कि लॉकडाउन में आरोपी ने सिर पर स्टूल मारकर हत्या का प्रयास किया था। 2018 व 2022 में घटनाएं दर्ज की गई थीं। हाल ही में ही आरोपी ने मायके में आकर मारपीट की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण में मनमानी न करें अफसर

## तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, पहुंचे डीएम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** सोमवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें 45 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

डीएम अनुज सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएसएम डिग्री कॉलेज की विद्युत आपूर्ति बाधित करने की शिकायत पर उन्होंने एसडीओ सचिन रस्तोगी विद्युत को मौके पर बुलाकर नाराजगी जताई और आधे घंटे के अंदर आपूर्ति चालू कराकर समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम अनुज सिंह। ● अमृत विचार

● 45 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

इसके साथ ही कई ऐसे मामले हैं जिन्हें डीएम ने गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में किसी तरह की मनमानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की अधिक शिकायतें आ रही हैं ,उन विभागों के अधिकारी अलग से कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे फरियादियों को बार-बार परेशान ना होना पड़े। एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में गुणवत्ता पूर्वक समस्याओं का निस्तारण हो रहा है। इसी तरह से सभी कर्मचारी मौके पर जाकर जांच करें इसके बाद निस्तारण करें। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी, तहसीलदार अंजली सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, परियोजना निदेशक निर्मल कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राहुल दीप गुप्ता, सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की बनाए रखें गरिमा: एडीएम

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** शनिवार को ईद उल अजहा की वजह से अवकाश होने के चलते संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं हो सका था। जिसके बाद सोमवार को तहसील में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने समस्याएं सुनी, हालांकि सोमवार को दिवस ना लगने और अधिक गर्मी होने के कारण फरियादियों की संख्या कम रही, फिर भी दिवस में 35 शिकायतें पहुंची। जिनमें से पांच शिकायतें निपटा दी गईं। दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग पुलिस और विद्युत संबंधी रहीं। जिन्हें एसडीएम ने संबंधितों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि वह शासन प्रशासन की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जनता को प्राथमिकता दें, साथ ही शासन प्रशासन की नीतियों को उन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि हर हाल में शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान होना चाहिए फरियादी बार-बार तहसील थाने के चक्कर न लगाएं। इस दौरान तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



बिलारी तहसील में शिकायतें सुनते एसडीएम विनय सिंह। ● अमृत विचार

## भाकियू टिकैत की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



पंचायत में मौजूद भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी।

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक छजलैट की मासिक पंचायत में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गयी।

भाकियू टिकैत ब्लॉक छजलैट की मासिक पंचायत सोमवार को किसान भवन छजलैट में हुई। पंचायत में किसानों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया गया। पंचायत में किसानों के निजी नलकूपों पर पर्याप्त बिजली न मिलना , नहरों मे टेल तक पानी न मिलने से किसानों की फसल सूखने के कगार पर है। क्षेत्र मे तेंदुए के बढ़ते संभावित हमलों से है। किसानों में भय का माहौल है और सोसाइटी में यूरिया की भारी कमी किसानों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि समय रहते समाधान नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सभी से हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पीयूष चौधरी, तहसील उपाध्यक्ष सलीम अहमद, रामपाल सिंह, रामकला सिंह, अनोज कुमार, सतपाल सिंह, अंश चौधरी, धर्मपाल सैनी, ओमपाल सैनी, चंद्रकिशोर सिंह, मास्टर बाबूराम आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक नजर

### गोवंशो के अंतिम संस्कार को जगह देने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** गो सेवा गतिविधि के संयोजक ने डीएम को ज्ञापन देकर गोवंशों के अंतिम संस्कार हेतु जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। जिला संयोजक गो सेवा गतिविधि विकास शर्मा द्वारा आज संपूर्ण समाधान दिवस तहसील कांठ में डीएम अनुज सिंह को ज्ञापन देकर मांग की है कि निराश्रित गोवंश या किसी पशु की एक्सीडेंट, बीमारी या अन्य किसी कारण से मृत्यु हो जाती है, उसके अंतिम संस्कार के लिए कोई स्थान चिन्हित नहीं है। इसलिए नगर में या आसपास क्षेत्र में कोई ऐसी जगह चिन्हित कर दी जाए जहां मृत पशुओं का अंतिम संस्कार कराया जा सके। इस पर डीएम ने जगह चिन्हित कराकर नगर पंचायत को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### ई रिक्शा चालक लापता गुमशुदगी दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ई रिक्शा लेकर घर से निकला युवक लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गझेड़ा आलम निवासी राम भरोसे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को उसका छोटा पुत्र पंकज कुमार ई रिक्शा लेकर घर से निकली थी देर रात तक घर ना पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला जिसपर को कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीड़ित पिता ने की हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** 15 दिन पूर्व दहेज लोभियों ने विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया था। पीड़ित पिता ने सीओ कांठ से चार भाइयों समेत उनकी पत्नियों पर कार्रवाई की मांग की है।

हल्द्वानी निवासी जियाउद्दीन कुरैशी ने बेटी सना का निकाह 3 साल पहले मो. खालिद पुत्र नसीम उर्फ लड्डन निवासी ग्राम गढ़ी कांठ के साथ किया था। पर्याप्त दहेज के साथ कार के लिए 1,45000 रुपये नगद और ग्राम गढ़ी में एक प्लाट खरीद कर दिया था। इसके बावजूद बेटी को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा। 27 मई को सना को दहेज लोभियों ने मौत के घाट उतार दिया था। इस संबंध में पीड़ित पिता ने डॉ. जाहिद, खालिद मुशाहिद, साजिद पुत्र गण नसीम व चारों भाइयों की पत्नियों के नाम रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। सोमवार को पीड़ित पिता ने समाधान दिवस में डीएम और सीओ गौरव त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र देकर भाइयों और उनकी पत्नियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने आरोपियों के खुलेआम घूमने से अपनी हत्या होने की भी आशंका जताई है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शांति व्यवस्था बनाने को आरएएफ जवानों के साथ पुलिस ने किया मार्च

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर सोमवार को एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व आरएएफ के जवानों के साथ मुख्य मार्गों से पैदल फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की। सोमवार को डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आरएएफ जवानों व कोतवाली पुलिस बल के साथ अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत कोतवाली , बुधबाजार , घास मंडी शगुन तिराहा, घास मंडी , डाक कर छाराहा, सहित नगर के मार्ग से होते हुए कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड में पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मार्च में कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह, नगर इंजार्च विपिन कुमार, उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, उपनिरीक्षक किरंत कुमार, उपनिरीक्षक आसिम मिया, कांस्टेबल योगेश कुमार, परविंद्र कुमार, मनीष कुमार,सन्नी कुमार, सुमित ,सहित आदि अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में फ्लैग मार्च से पहले पुलिस व आरएएफ जवान।

# उत्तराखंड के परमिट पर दौड़ रहे अवैध टेंपो

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● नगरपालिका परिषद को हजारों के राजस्व का हो रहा नुकसान

● शिकायती पत्र में कार्रवाई न होने पर बस यूनियन में आक्रोश

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के परमिट पर ठाकुरद्वारा की सड़कों पर अवैध तरीके से टेंपो दौड रहे है।

जबकि नियमानुसार आरटीओ ऑफिस से परमिट बनवाना आवश्यक है लेकिन बिना परमिट बनवाए ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर अवैध तरीके से इनका संचालन किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार मात्र एक स्थान पर टैक्स जमा कर वहीं के परमिट पर इन टेंपो को अवैध तरीके से सवारी भरकर दौडाया जा रहा है । इस संबंध में बस यूनियन ने भी कई बार पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग को सूचित कर कार्रवाई की मांग की थी। कार्रवाई न होने से बस संचालकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि बस संचालक दोनों प्रदेशों का नियमानुसार टैक्स जमा करते हैं। जबकि टेंपो चालक बिना टैक्स जमा करें सवारियां ढो रहे हैं। जिससे नगरपालिका परिषद को हजारों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बस मालिकों, बस चालक व परिचालकों का आरोप है कि प्रति दिन टेंपो संचालक से वसूली की जा रही है।



ठाकुरद्वारा की सड़कों पर दौड़ते टेंपो। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री के निर्देशों का भी पालन नहीं

यहां तक कि हाईवे पर स्थित तिकोनिया पार्क से कुछ दूरी पर अवैध तरीके से टेंपो स्टैंड बना लिया है। जबकि यह नगरपालिका का टैक्स जमा नही कर रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थानीय प्रशासन को सख्त निर्देश दे रखे है कि कोई वाहन हाईवे किनारे नही खड़ा हो सका। इसके बावजूद आदेशों की अवहेलना कर टेंपो चालक हाईवे पर अवैध पार्किंग कर सवारियां ढो रहे है। इनके खिलाफ न तो कोतवाली पुलिस कोई कार्रवाई रही है और न ही यातायात पुलिस।

अवैध टेंपो संचालन के संबंध में जांच कर कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिवहन निगम को भी अवगत कराया जाएगा। – रुद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा

# अंधाधुंध बिजली कटौती से ग्रामीण बेहाल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** बिलारी के खंडवा गांव में पिछले चार महीनों से विद्युत विभाग की मनमानी लापरवाही के चलते ग्रामीणों में भारी रोष है। जिसे लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी सोमवार को बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे जहां नारेबाजी करते हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम खंडवा गांव में पिछले चार महीनों से आधी आबादी को बिजली नहीं मिल रही है, जिसकी कई बार मौखिक रूप से शिकायत भी की गई लेकिन अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा कोई संज्ञान नही लिया गया। बताया कि 24 घंटे में 5 से 6 घंटे मुश्किल से सप्लाई मिल पा रही है। ग्रामीणों को पीने के पानी व पशुओं के लिए परेशानी का सामना करना पड रहा है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामवासी बेहाल है। कई बार एसडीओ तथा जेई से मिलकर विद्युत आपुर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की गई। कहा कि अगर सात दिनों में शेडयूल के अनुसार आपूर्ति नही मिली तो संघ एक आंदोलन को बाध्य होगा।

इस दौरान ओमवीर सिंह जिला अध्यक्ष, रमेश चंद्र विभाग संगठन मंत्री, ऋषिपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष, तेजभान सिंह राघव प्रांत प्रचार प्रमुख, जुग्नेश राघव प्रांत प्रचार प्रमुख, पवन कोहली जिला प्रचार प्रमुख, अमन सक्सैना ब्लॉक मंत्री, विजय कुमार ब्लॉक प्रचार प्रमुख, कमल प्रजापति, मनोहर सिंह, सतनाम सिंह, उमेश यादव लल्लू सिंह तुरैहा, प्रिंस, शिवम, अनिल ठाकुर, ठाकुर अमन पाल सिंह, गौरव कुमार, ठाकुर अनिल चौहान, अविनेश गोस्वामी निशांत, रघुवीर सिंह तुरैहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।





एसडीएम विनय सिंह को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी।

● भारतीय किसान संघ ने विद्युत समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### बिजली कटौती से सूखी धान की पौध व चारा सूखने के कगार पर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते क्षेत्र के 50 गांव के ग्रामीणों को 20 घंटे की विद्युत आपूर्ति के आदेश के बावजूद मात्र 6 घंटे आपूर्ति दी जा रही है। किसानों के ट्यूबवेल पर मात्र 6 घंटे की आपूर्ति दी जा रही है जबकि सरकार द्वारा 12 घंटे के निर्देश हैं। जेई उपखंड अधिकारी पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि कमलापुरी फीडर व फरीदनगर फीडर पर एक सप्ताह से मनमानी बिजली कटौती चल रही है। जिससे सिंचाई हेतु किसान परेशान है। किसानों की गन्ने की फसल, पशुओं का चारा व धान की पौध सूखने के कगार पर पहुंच गई है। गोपीवाला निवासी धर्मेंद्र चौहान, दिनेश चौहान, जयप्रकाश सिंह व किसान नेता प्रीतम सिंह ने बताया कि उपखंड अधिकारी उमाशंकर सक्सेना को अवगत कराया है। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर तत्काल कटौती नहीं रोकी गई तो किसान बिजली घर का घेराव करेंगे ।

## तीसरे दिन भी नगर वासी दूषित पानी पीने को मजबूर

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** तीसरे दिन भी नगर के कुछ इलाकों में दूषित पानी की सप्लाई जारी रही। जिससे नगरवासी काफी परेशान हैं।

लोगों को पेयजल के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। प्यास बुझाने के लिए लोग निजी प्लांटों से कैंफर व पानी की बोतल खरीदने को मजबूर है। लोगों का कहना है कि टंकी से इतना गंदा पानी आ रहा है कि वह फिटकरी डालने पर भी साफ नहीं हो रहा। ऐसे में इसे इस्तेमाल ही नहीं किया जा सकता। गंदे पानी के चलते बीमारियां पनपने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं नगर पालिका के जलकल विभाग के सुपरवाइजर हफिज अहमद ने कहा कि नगर की सोमवार की शाम तक 95% पानी की स्वच्छ आपूर्ति बहाल कर दी गई है। मंगलवार तक स्वच्छ व साफ पानी उपलब्ध कराया जाएगा ।

## पुलिस ने रिजर्व बल के साथ की गश्त

**भोजपुर, अमृत विचार:** तीन दिन तक चलने वाले बकरीद के त्योहार के आखिरी दिन कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा जो शाम को खत्म हो गया।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने थाने और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला झादेवाला, सुनारोवाला, घासमंडी, बड़ी मंडी, जाटवोवला, वाल्मीकि बस्ती रोड, गढ़ी, चौधरयान, बगियवाला, मेन मार्केट के साथ गांव रूस्तमपुर तीगरी आदि गांवों में पैदल गश्त की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक, बृजपाल सिंह, माहिर अब्बास, विनोद कुमार, पंकज राठी, अनिल कुमार गोस्वामी,राम कुमार, शराफत अली,हेड कांस्टेबल रवि कुमार अनूप कुमार अजेंद सिंह, कुलदीप,दीपक राठी और अमजद अली आदि कांस्टेबल मौजूद रहे।

# दो पक्षों में पथराव- फायरिंग, 18 पर एफआईआर

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** एक गांव में मुकदमेबाजी की रंजिश को लेकर रविवार को दो पक्ष सामने सामने आ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग, पथराव व मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। जिसमें से पुलिस ने दोनों पक्षों के 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन निवासी रिहाना पत्नी मुशाहिद ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश में ग्राम निवासी आफताब, शान ए आलम, हुसने मुबारक, खालिद पूर्व प्रधान सरफराज, नौशाद, जुनैद और कैस ने धारदार हथियारों, तमंचे से फायर करते हुए उनके परिवार पर हमला कर दिया। जिससे वह लोग बाल बाल बचे। पुलिस ने आठों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष से राशिद पुत्र बदलू ने आरोप लगाया था कि बीते दिनों उसके लड़के की शादी में गांव के ही कुछ लोगों ने उसके रिश्तेदार के खिलाफ मारपीट की थी जिसमें मुकदमा भी लिखा गया था। बताया कि रविवार को समय करीब 3:30 बजे जासिफ, काशिफ, जुबेर, कैफ, मुशाहिद, कल्लू, आकिल, इस्तेखार, मुनाजरा और बुशरा ने उनके घर में पथराव किया। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट की और जासिफ ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने दूसरे पक्ष के भी 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

**झगड़ा करने से मना करने पर परिजन को पीटा, हालत गंभीर : कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में झगड़ा करने से मना करने पर परिवार के व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कांठ के ग्राम शाहपुर अब्दुल बारी निवासी गुरमीत सिंह का गांव के ही सुनील से किसी बात को लेकर 1 मई को विवाद हो गया था, जिस पर महकार सिंह ने भतीजे गुरमीत सिंह को डांट दिया था। इसी बात से नाराज गुरमीत, राजीव, संजीव, गाजबीर चारों लोगों ने महकार के ऊपर लाठी डंडों ,धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मेहकार की पुत्री के भी चोट लगी थी। इस संबंध में ऊमरी चौकी पर उसी दिन शिकायत की थी परंतु पुलिस ने पारिवारिक मामला बताकर समझा कर घर भेज दिया था। महकार सिंह की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हें पहले मुरादाबाद में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया। अब नोएडा में उनका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गाली देने को मना करने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कांठ के कस्बा ऊमरी कलां के मौहल्ला चौधरियान निवासी इसरार पुत्र अब्दुल समद रविवार को शाम 4 :00 बजे के करीब बाजार से घर जा रहा था। तभी अचानक सामने से आ रहे निसार पुत्र हनीफ ने उसे देखकर गाली देना शुरू कर दिया। जब इसरार ने गाली देने को मना किया तो निसार पुत्र हनीफ ने उसे रोक कर जमकर उसके साथ मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### दस लोगों का शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में चालान

**भोजपुर, अमृत विचार :** सोमवार को पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में क्षेत्र के दस व्यकतियों देवेन्द्र पाण्डे पुत्र लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम सैहल,मौ0 जुनैद पुत्र मो. शईद निवासी घासंडी ,सलमान कुरैशी पुत्र गुलाम नबी ,अरशद पुत्र इंतजार निवासी ग्राम अटरिया, मो. नईम पुत्र इख्तयार हुसैन निवासी ग्राम सिरसवा गौड़, इख्तयार हुसैन पुत्र मुश्तयाक हुसैन, मो. ताहिर पुत्र इख्तयार हुसैन, अकरम अली पुत्र फिरासत अली और रुस्तम पुत्र लियाकत अली, मुशर्रफ पुत्र फिरासत अली निवासी सिरसवां गौड़ को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

## सार-संक्षेप

### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत



**कांठ, अमृत विचार :** सोमवार को भीषण गर्मी के चलते मौढा पट्टी में शरबत का स्टॉल लगाकर राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडे पानी व शरबत का वितरण किया। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सांस ली। वीरेन्द्र सिंह, विपुल चौहान,ओमप्रकाश सिंह, विशाल विश्नोई, हुकुम सिंह चौहान, अरविंद गुर्जर, आशुतोष राणा, पुष्पेंद्र सिंह, संजीव चौहान, सीवी चौहान, चाहत राणा आदि ने बताया कि अत्यधिक गर्मी होने के कारण लोगों के शरीर में पानी की मात्रा संतुलित रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की जरूरत है। इसी को देखते हुए सोमवार को मौढ़ी हजरतपुर में शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। शरबत वितरण में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

### व्यापार मंडल ने किया प्रबंधक का स्वागत, बताईं समस्याएं



**बिलारी, अमृत विचार :** व्यापार प्रतिनिधि मंडल के शिष्ट मंडल ने सोमवार को स्टेट बैंक की बिलारी शाखा में आए वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ध्रुव सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उनके साथ बैठक कर बैंकिंग सेवाओं संबंधी समस्याएं और सुझाव बताए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि शादी विवाह एवं अन्य मांगलिक अवसर पर नई करेंसी की काफी मांग रहती है जो नहीं मिल रही है। इस पर प्रबंधक ने कहा कि बैंक प्रबंधन ने मांग भेजी हुई है। बैंक में लगभग 70000 खातेदार हैं , जिनकी सेवा करने के लिए स्टाफ की कमी है। यह भी सुझाव रखा कि प्रत्येक तिमाही में ग्राहक संपर्क गोष्ठी भी आयोजित की जानी चाहिए ताकि बैंकिंग संबंधी समस्याएं और सुझाव सामने आते रहें। शाखा प्रबंधक ने कहा हम सभी सुझावों का स्वागत करते हैं और प्रयास करेंगे कि समस्याएं और शिकायत दूर हों। शिष्ट मंडल में अध्यक्ष संजय जैन के अलावा रमाकांत गुप्ता, राजेंद्र कुमार चुग, दुष्यंत चौहान, चंदन डुडेजा, आशीष भटनागर एडवोकेट आदि शामिल रहे।

### कंकाल की शिनाख्त का दावा, पुलिस बता रही निराधार

**कांठ, अमृत विचार :** लगभग एक माह पूर्व क्षेत्र के ग्राम शाहुपुर एत्मादपुर के जंगल में नदी के पास एक नर कंकाल मिला था। मृतक के परिजनों ने नर कंकाल के कपड़ों से शिनाख्त का दावा किया है। हालांकि पुलिस ने इसे निराधार बताया है। थाना कांठ के ग्राम शाहुपुर एत्मादपुर के जंगल में नदी के पास कुछ व्यक्तियों ने 10 मई को एक नर कंकाल देखा तो ग्रामीणों ने सूचना चौकीदार को दी। चौकीदार अनीस अहमद ने जानकारी ऊमरी कलां पुलिस चौकी को दी। चौकी प्रभारी राकेश चौधरी एवं तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, तत्कालीन सीओ अपेक्षा ने जांच पड़ताल की थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में डाली थी। अब एक वायरल वीडियो में थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के ग्राम पट्टी रायपुर कलां निवासी मुकेश पुत्र रनवीर सिंह ने नर कंकाल को भतीजे लकी जीत सिंह का होने का दावा किया है। उसने बताया कि गांव के एक दोस्त के साथ व अन्य चार लोग उसे गत 27 अप्रैल 2025 को घर से बुलाकर ले गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा ने बताया कि कंकाल के शिनाख्त के दावे को निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि इतने पुराने नर कंकाल द्वारा पहने हुए कपड़ों की शिनाख्त होना ही असंभव है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे नाम की स्पेलिंग SIRAJUDDIN थी अब SIRAJ UD DEEN S/o ISLAMUDDIN R/o NEAR DAIR WALI MASJID ASALATPURA MORADABAD है, भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले नाम MOHMAD ISRAR था, अब बदल कर MOHAMMAD ISRAR S/O ABDUL WAHEED R/O VILLAGE APRAULA MAY BAG PO KHERA PS NAUGAWAN SADAT AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज**
NAAC with Grade "B"
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
(सम्बद्ध गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)

**आवश्यकता है**
**प्राचार्य- 01**
स्नातक पाठ्यक्रम हेतु प्राध्यापक
बी.ए. हिन्दी विषय- 01
बी.ए. अंग्रेजी विषय- 01
(योग्यता व अनुभव- गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के नियमानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर निम्न पते पर भेजें।
**मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज**
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
मो. 9412140100, 05921-356061
ई-मेल mpec76@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### शाहबाद के ब्लॉक अध्यक्ष बने आकाश कुमार

**रामपुर, अमृत विचार :** जन शक्ति दल की बैठक शाहबाद के गुलरिया कलां में चंद्रपाल सिंह के आवास पर हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर लोधी ने पार्टी का विस्तार करते हुए आकाश कुमार को शाहबाद का ब्लाक अध्यक्ष बनाया। जिसके बाद पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर आकाश कुमार ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी मिली है। उसको सही से निभाएंगे। इस मौके पर वीरपाल मौर्य, जगतपाल मौर्य, महावीर, राजेश, महेश, अजय रहे।

### इमामबाड़ा किला में 15 को होगा जश्ने ताजपोशी

**रामपुर, अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला में 15 जून को आल इंडिया सहर रामपुरी मेमोरियल अकादमी के तत्वावधान में जश्ने ताजपोशी ईद-ए-गदीर मनाई जाएगी। जिसमें फख्री मेरठी, बिलाल काजमी लखनवी, सलीम बलरामपुरी, शहजादा गुलरेज समेत कई नामचीन शायर कलाम पेश करेंगे। हजरत अली इब्ने अबू तालिब की ताजपोशी का जश्न 15 जून की रात मनाया जाएगा। अब्बास हैदर सहरी ने बताया कि जश्न में राशिद मौरानवी कलाम पेश करेंगे। मेहमाने खुसूसी मौलाना सैयद अली मोहम्मद नकवी होंगे, जबकि जश्न की सदारत मौलाना जमां बाकरी और निजामत अब्बास हैदर करेंगे।

### बिजली आपूर्ति चालू करने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद राकिम खां ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि उपकेन्द्र रजा इंटर कॉलेज 33 केवीए क्षेत्र के मिस्टन गंज फिडर व अन्य फीडर में समय 7 :30 बजे से बिजली सप्लाई बंद है। ईद के मौके पर 8000 से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली गुल होने से परेशानी रहे। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तत्काल शुरू कराई जाए।

### अवैध शराब पर अंकुश के लिए चलेगा अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** मदिरा के अवैध निर्माण, बिक्री, तस्करी तथा अवैध अल्कोहल, शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा 20 जून तक अभियान चलेगा। राजस्व प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि 20 जून तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के लिए टीमों का गठन कर दिया।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने स्वार तहसील में सुनीं समस्याएं

# 104 शिकायतें दर्ज, 19 का मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लोगों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील स्वार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। स्वार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 शिकायती आईं, जिसमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। वहीं स्वार, बिलासपुर, टांडा, शाहबाद, मिलक व सदर में कुल 104 शिकायतों आईं, इनमें 19 का मौके पर निस्तारण हुआ।

तहसील टांडा में मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतें प्राप्त हुई। इसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अम्बरीश कुमार बिन्द की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 5 शिकायतों का निस्तारण किया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतें आईं। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील मिलक में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 16 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

### लेखपाल ई-एप्लीकेशन पोर्टल पर करेंगे डाउनलोड

जिलाधिकारी ने पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व विद्युत, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने लेखपालों से कहा डिजिटलीकरण की दिशा में ई-एप्लीकेशन अहम कदम है, जिससे पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों को ई-एप्लीकेशन पोर्टल डाउनलोड करने के निर्देश दिए। लेखपालों को कहा वह सभी आवेदनों को समय से ऑनलाइन प्रणाली में दर्ज करें। निर्धारित समय में निस्तारण सुनिश्चित करें।

### हजरत अली की लिखी कुरान देख सकेंगे

**रामपुर, अमृत विचार :** दुनिया भर में हजरत अली के हाथ से लिखे कुरान को देख सकेंगे। रजा लाइब्रेरी एवं संग्रहालय की संरक्षणकर्ता सनम अली खान ने सातवीं शताब्दी के हजरत अली के हाथ से लिखी कुरआन मजीद को एआई की मदद से ऑनलाइन उपलब्ध किया है।

हजरत अली के हाथ का लिखा भारत में कुरआन मजीद है। हजरत अली के हाथ का कुरआन लोग वीडियो के माध्यम से पढ़ सकते हैं और कुरआन मजीद के दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हजरत अली ने कूफी लिपि में कुरान मजीद लिखा है और यह लिपि समय के साथ लुप्त होती जा रही है। सनम अली खां को वीडियो तैयार करने में काफी समय लगा है इससे लोगों को लाभ मिलेगा। हजरत अली के हाथ का लिखा हुआ कुरआन मजीद नवाब कल्बे अली खां सऊदी अरब से रामपुर लाए थे।

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे से हटाया अतिक्रमण

## 5 मीटर और चौड़ा होगा हाईवे, खाली कराई भूमि पर होगा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



हाईवे किनारे अतिक्रमण पर गरजती पालिका की जेसीबी। ● अमृत विचार



बिजारखाते में निरीक्षण करते अधिकारी ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाईवे किनारे सोमवार दोपहर अतिक्रमण पर पालिका की जेसीबी गरजी। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त भूमि पर सौंदर्यीकरण होगा। इसके अलावा दिल्ली-लखनऊ हाईवे की चौड़ाई 5 मीटर और बढ़ेगी, ताकि यातायात की आवाजाही में असुविधा न हो।

सोमवार दोपहर नवाब स्टेशन स्थित हाईवे किनारे अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी पालिका समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों का कहना है कि हाईवे के किनारे नवाब स्टेशन तक 30 मीटर तक भूमि नगर पालिका परिषद की है जिसको खाली करा लिया गया है। खाली कराई गई भूमि पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

ताकि रेलवे स्टेशन और रोडवेज आने वाले लोगों को सुखद एहसास हो। ईओ ने बताया कि हाईवे किनारे लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था जिसको साफ करा दिया गया है। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को साफ कराया जाएगा। इसके लिए चिह्नीकरण करा लिया गया है। कहा कि पालिका की भूमि पर लोगों ने जहां-जहां अतिक्रमण कर लिया है उसे स्वयं हटा लें अन्यथा पालिका कर्मचारी अतिक्रमण को साफ कर देंगे। बताया कि हाईवे किनारे नवाब स्टेशन के सामने लोगों ने अतिक्रमण कर दुकानें सजा ली थीं, जिन्हें अभियान चलाकर साफ करा दिया गया है। इस भूमि पर जो अतिक्रमण था उसे जेसीबी से सोमवार को ध्वस्त करा दिया गया।

> हाईवे किनारे नवाब स्टेशन के सामने 30 मीटर तक भूमि नगर पालिका की है। इस जगह से अतिक्रमण को साफ करा दिया गया है अब इस स्थान पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली-लखनऊ हाईवे रामपुर में 5 मीटर चौड़ा कराया जाएगा।
> – **दुर्गेश्वर त्रिपाठी**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

### स्वार में लोगों को दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने अधिकारियों के साथ बिजारखाता व नरपतनगर का निरीक्षण किया। यहां लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, ताकि सड़क का चौड़ीकरण हो सके। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठाए गए बिंदुओं के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी स्वार व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ तहसील स्वार क्षेत्र में बिजारखाता व नरपतनगर में मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण चिह्नित करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। निर्धारित समय सीमा में स्थानीय लोगों द्वारा स्वयं अतिक्रमण न हटाने पर नियमानुसार विभाग के स्तर से अतिक्रमण हटाया जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मार्ग चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए।

# 54 किसानों को मिलेगा सिंचाई योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● 15 हजार रुपये अनुदान किसानों के खाते में जाएगा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उप घटक पर ड्राप मोर क्रॉप के तहत भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना में 54 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। खेत तालाब योजना में लाभार्थी कृषकों की चयन, बुकिंग प्रक्रिया प्रथम आवक-प्रथम पावक पर दर्शन पोर्टल पर चल रही है। इसमें 15000 रुपये प्रति इकाई किसानों के खातों में जाएगा।

भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि योजना के तहत तालाब के निर्माण पर 50 प्रतिशत अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा रुपये 52500 का भुगतान लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से होगा। योजना के लिए लक्ष्य के 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होंगे। जिन्होंने आवेदन तिथि तक विगत 7 वर्षा में उद्यान, कृषि विभाग के माध्यम से खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की। वर्तमान में चालू स्थिति में हो तथा अवशेष 60 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्रता की श्रेणी में आएगे। जिन्होंने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की है, परन्तु अब सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक हैं। योजना के तहत वाटर लिफ्टिंग डिवाइस के तहत पम्पसेट इलेक्ट्रिक, डीजल जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रुपये 15000 प्रति इकाई अनुदान कृषक के खाते में हस्तांतरित होगा। किसान जानकारी के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय, अवर अभियन्ता प्रशांत कुमार, अवर अभियंता सौरभ गंगवार व प्राविधिक सहायक से संपर्क कर सकते।

### दो समुदायों का विवाद पुलिस ने सुलझाया

**सैदनगर, अमृत विचार :** भोट बक्काल में मामूली बात को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया था। मामले ने तूल पकड़ा तो दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना मिलते ही आसपास के थानों की पुलिस गांव पहुंच गई। हालांकि बाद में पुलिस ने मामले का निस्तारण करा दिया।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के भोट बक्काल गांव का है। एक समुदाय के युवक का आरोप था पिकअप रखे सामान को लेकर विवाद होने लगा। इसी बात को लेकर दो समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। विवाद की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल देर रात को घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस में मामले का निस्तारण कर थाना भोट क्षेत्र निवासी नईम और अज्ञात शामिल है। थाना अध्यक्ष करम सिंह ने बताया मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्ष आपसी समझौते पर सहमत हो गए हैं।



कार्यक्रम में भजन सुनते भक्त। ● अमृत विचार

# रसराज महाराज ने हनुमंत कथा में सुनाया सुंदर कांड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आदर्श रामलीला मैदान में रविवार को हनुमंत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें रसराज महाराज द्वारा भक्तों को सुंदरकांड का पाठ सुनाया। देर रात तक भक्तों ने धर्म लाभ उठाया।

श्री श्याम भक्त परिवार के तत्वावधान में आदर्श रामलीला मैदान में श्री श्याम रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार रात को पूजा अर्चना के साथ हनुमंत पाठ का आरंभ हुआ। जिसमें कथा व्यास रसराज महाराज पहुंचे। जहां उनका भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद सुंदरकांड पाठ का शुरू हुआ। इसके बाद सुंदरकांड पाठ, बजरंग बाण, हनुमान चालीसा रसराज महाराज ने सुनाया। इस मौके पर काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। मंगलवार को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें श्री श्याम बाबा का गुणगान होगा।

### चिकित्सक, कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर आयुष विभाग द्वारा योग शिविर लगाए जा रहे हैं।

सोमवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में योग शिविर का आयोजन हुआ। आयुष विभाग के चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं अन्य सभी कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक प्रतीक्षा सक्सेना और योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व रामू मौर्य ने योग अभ्यास कराया। सबसे पहले ओम का अभ्यास कराया। उसके बाद सूक्ष्म व्यायाम व ताड़ासन कटी चक्र आसन, त्रिकोणासन, चक्रासन का अभ्यास कराया, कपालभाति, नाड़ी शोधन, भ्रमरी कराया। अंत में शांति पाठ कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम, डॉ. रविंद्र, डॉ. रोहित पाल, डॉ. मीनाक्षी आर्या, डॉ. जबर सिंह, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. वफा उर रहमान रहे।

# कोसी के किनारे सफाई कर लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कोसी नदी में सफाई करते संस्था के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला गंगा समिति, वन विभाग और वर्क एनजीओ के वॉलिंटियर्स के तत्वावधान में सोमवार सुबह कोसी नदी शमशान घाट के पीछे घाटमपुर पर जागरूकता को कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में लोगों को समझाया कि प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल किया जाए। जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने बताया कि अगर आप सब्जियां लेने जाए या बाजार से सामान खरीदने जाए तो कपड़े से बने थैली का प्रयोग न करें। प्लास्टिक की थैली का इस्तेमाल न करें। डीएफओ ओमप्रकाश राम ने सभी का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप लोगों का कार्य बेहतर है। जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति नमामि गंगे लव कुमार ने कहा शुरुआत हमें स्वयं से करनी है। हमें आगे की तरफ बढ़ते जाना है।

### छपर्रा झील का निरीक्षण किया

**रामपुर/स्वार, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ तहसील स्वार क्षेत्र के तहत छपर्रा झील के पुर्णोद्धार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जल संरक्षण अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी स्वार द्वारा करीब 400 मीटर झील का पुर्णोद्धार कराया गया है। इस झील पर पूर्व में लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया था, जिसे अभियान के दौरान कब्जामुक्त कराकर पुर्णोद्धार कराया गया है। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत चिह्नित सभी झील एवं नदियों के पुर्णोद्धार का कार्य जारी रखा जाए। यह तय करें कि झील, तालाब अथवा नदियों के लिए आरक्षित जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। नदी के पहुंच मार्ग को सुगम बनाया गया है।

### डीएम ने नैय्या नदी की देखी सफाई

**मसवासी, अमृत विचार :** सोमवार दोपहर जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे क्षेत्र के खुशहालपुर गांव पहुंचे। जिलाधिकारी ने मनरेगा के तहत नैय्या नदी की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अन्य विकास कार्य भी देखे। ग्राम प्रधान साजिद हुसैन अंसारी से गांव के अन्य विकास कार्यों के मामले में भी पूछताछ की। वहीं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने ग्राम प्रधान से विवादों की स्थिति जानी, ग्राम प्रधान ने किसी भी रंजिश और विवाद से इंकार किया। उन्होंने ग्राम प्रधान से निष्पक्ष होकर विकास कार्य करने और विवादों से दूर रहने की हिदायत की।

# एआरपी बनने के लिए 18 तक कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग को 35 एआरपी मिलना मुश्किल हो रहा है। पहली प्रक्रिया में मात्र 14 एआरपी बने। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से दोबारा से फिर से फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी कर दी है। जिसमें 18 जून तक फॉर्म बेसिक शिक्षा अधिकारी में पहुंचना है।

स्कूलों को निपुण बनाने के लिए एआरपी का चयन होता है। ब्लॉकों में हर विषय का एक एआरपी रखा जाता है, पुराने एआरपी का कार्यकाल पूरा होने के बाद जनवरी माह में नए एआरपी तलाशने के लिए फार्म भरवाए थे। जिसकी प्रकिया चल रही थी। अप्रैल में आकर प्रक्रिया पूरी हो गई थी। जिसमें 35 में से मात्र 14 ही बेसिक शिक्षा विभाग को एआरपी मिले। उसके बाद फिर से विभाग द्वारा आवेदन निकाले गए। जिसमें 18 जून तक फॉर्म जमा किए जा सकेंगे।

### हिंदी और अंग्रेजी के खाली हैं 6-6 पद

बेसिक शिक्षा विभाग को पूरे जिले से 35 एआरपी मिलना मुश्किल हो रहे हैं। विभाग पुराने शिक्षकों को छोड़कर नए शिक्षक तलाश रहा है। पहली प्रक्रिया में भी कुछ शिक्षक एआरपी बने हैं। जिन्होंने साक्षात्कार में अपनी समस्याएं बताई, तो उनको वहीं ब्लाक कमेटी की ओर से दिए गए। अब लगा रहा है फिर से क्षक विभाग को चाहिए। जिसमें हिंदी विषय के 6 अंग्रेजी के 6 एआरपी के पद खाली है। इसके अलावा विज्ञान का एक गणित के दो और सामाजिक अध्ययन के 6 पद खाली है। कुछ मिलाकर 21 पद अब भी खाली पड़े है।

## सार संक्षेप



### मुख्यमंत्री से मिले भाजपा नेता

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान महाराज उनके जन्मदिन की बधाई दी। उसके बाद महाराज ने जिले में हो रहे विकास कार्यों और संगठन के लोगों के बारे में जानकारी ली। भाजपा नेता के भतीजे और धमोरा के प्रधान गौतम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को धमोरा में बने प्रगति मॉल शापिंग काम्प्लेक्स के बारे बताया कि धमोरा पहली ऐसी ग्राम पंचायत है। जिसमें बिना सरकारी धन लगाए 45 दुकानों का शापिंग काम्प्लेक्स सीडीओ नंदकिशोर कलाल की प्रेरणा से उनके मार्गदर्शन में अतिक्रमण की हुई जगह को खाली कराकर बहुत कम समय में ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ तैयार कराया। ये शापिंग काम्प्लेक्स उप की ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल हो गया। जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने बधाई भी दी।

### नेत्र जांच शिविर में 50 से अधिक मरीजों की हुई जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ज्वाला नगर में सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन के तत्वावधान में सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट द्वारा नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में ज्वाला नगर के 50 से अधिक निवासियों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 5 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट मुरादाबाद बस द्वारा भेजा गया। वहीं 20 मरीजों को चश्मा लगाने की सिफारिश की गई। विशेष रूप से 5 बच्चों को नि :शुल्क चश्मे प्रदान किए गए। शिविर में दिनेश कुमार, पूनम, फातिमा खान ने सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सा सेवा लोगों के नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास रहा। फाउंडेशन के प्रदेश विकास अधिकारी गुंजन हिंदुस्तानी, संजीव दयाल सक्सेना, मुकुल सक्सेना, नीरज विक्की सक्सेना मौजूद रहे।



### समर कैंप में औषधीय पौधों की जानकारी दी

**रामपुर, अमृत विचार :** परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय में लगे समर कैंप के तहत सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में सोमवार को समर कैंप हुआ। कैंप के 20वें दिन बच्चों को क्यूआर कोड से पर्यावरण आधारित औषधीय महत्व के पौधों की जानकारी दी। विद्यालय के शिक्षक चिरंजीव कुमार गुड्डू ने बच्चों को विद्यालय के प्रांगण में लगे औषधीय महत्व के पौधे जैसे अश्वगंधा, एलोवेरा, सहजन, आंवला, नीम, तुलसी आदि पौधों की जानकारी क्यू आर कोड के माध्यम से दी। बच्चों ने खेल-खेल में इस जानकारी को ग्रहण कर काफी ज्ञान अर्जित किया। बच्चों ने अपने शिक्षक के मोबाइल से क्यू आर कोड को स्कैन किया और औषधीय महत्व के पौधे की जानकारी प्राप्त की। इस गतिविधि के तहत जिस पेड़ पौधे के बारे में जानकारी करनी है, उस जानकारी को शिक्षक द्वारा गूगल की मदद से एकत्र किया गया। फिर वेबसाइट क्यूआर कोड मंकी पर जाकर उसके टेक्स्ट कंटेंट में पेड़ पौधे के बारे में एकत्र की गई जानकारी को अपलोड किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षामित्र अहमद अली, खुर्शीद अहमद व शिक्षक चिरंजीव कुमार उपस्थित रहे।

### विद्यालय में समर कैंप में छात्राओं ने बनाए पोस्टर

**रामपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप का समापन 10 जून को हो जाएगा। समर कैंप 21 मई से शुरू हुआ था। इस दौरान स्कूलों में छात्र-छात्राओं को योग, व्यायाम, कल्पनाशील डायरी के अलावा कबड्डी और वॉलीबॉल आदि खेल हुए। जिविनि मुन्ने अली ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक समर कैंप के दौरान विद्यालयों में योग एवं व्यायाम सिखाया। डीआईओएस ने बताया कि बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का भी संदेश दिया। इसके अलावा सुनो, सोचो और लिखो के तहत कहानियां लिखवाई गईं। वाद-विवाद प्रतियोगिता और कविता लेखन भी हुआ। बच्चों को समूह में विभाजित कर आसपास के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया। छात्र-छात्राओं ने लोगों को कपड़े और जूट के बैग इस्तेमाल करने का संदेश दिया। 10 जून को छात्र-छात्राओं द्वारा समर कैंप के अनुभव साझा किए जाएंगे। सोमवार को राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने कैनवास पर पर्यावरण संबंधी आकृतियां उकेरकर पेड़ नहीं काटने का संदेश दिया। कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने बताया कि विद्यालय में 21 मई से शुरू हुए समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां कराई गईं।

### पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में कोई नियमित लिपिक नहीं है, कार्यालय संविदा कर्मी के सहारे चल रहा है। जिस कारण दिव्यांगों को एक वर्ष से अधिक समय से पेंशन नहीं मिली है। संगठन ने पेंशनरों को परेशान करने वाले संविदा लिपिक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में दिव्यांगों के अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने, पेंशन 5000 रुपये मासिक करने, जिला लोकल लेवल कमेटी और जिला दिव्यांग बंधु कमेटी को शुरू कर बैठक प्रत्येक तीन माह में सम्पन्न कराने की मांग की। ज्ञापन पर सिफात अली खान, नूर अहमद, विनोद, फैजान अली, सुहेल अहमद, राजबहादुर, आरिफ, गुलवेज, फरीद आदि के हस्ताक्षर हैं।



### फैयाज अली बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला कार्यालय पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर फैयाज अली गुड्डू के मनोनीत खुशी जताई गई। संगठन के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि फैयाज अली गुड्डू के जिलाध्यक्ष बनने से जनपद में राष्ट्रीय लोक दल को मजबूती मिलेगी। वह तराई क्षेत्र बिलासपुर तहसील ग्राम पंचायत महेशपुर के रहने वाले हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने भी भरोसा दिया है कि वह संगठन के बेहतरी के लिए काम करेंगे। इस मौके पर फिरोज आलम खान, सबाब खान, महफूज खान, मुस्तकीम, हाफिज फुरकान, गुलवेज, नाजिम मोहम्मद, अजीम, नाजिया खान, अंकित यादव, फराज, इमरान खान, शकील अहमद, साहिल फैजान आदि लोग मौजूद रहे।

**रोशन उ0मा0 विद्यालय भवंरका, मिलक (रामपुर)**

पत्रांक: RUMVB/मेमो/2025-26 दिनांक 06.06.2025

सर्वसाधारण कृषक/इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि रोशन उ0मा0वि0 भवंरका, मिलक, रामपुर की कृषि योग्य भूमि खतौनी सं0 00247 गाटा सं0 752 रकबा 1.2140 हेक्टेयर को अद्य वर्ष जून 2025 से 31 मई 2027 तक कृषि उत्पादन के लिए ठेके पर देने हेतु तिथि 13.06.2025 निश्चित की गई है। समस्त इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक को समय पूर्वाहन 11 बजे विद्यालय में उपस्थित हो। सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को भूमि ठेके पर दी जाएगी उक्त भूमि ग्राम – हरदुआ तह0 मिलक जिला रामपुर में स्थित है। अन्य शर्ते एवं जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

डॉ0 नन्दन प्रसाद
प्रधानाध्यापक
रोशन उ0मा0वि0 भवंरका
रामपुर, उ0प्र0

योगेन्द्र पाल सिंह
प्राधिकृत नियंत्रक
रोशन उ0मा0वि0 भवंरका
रामपुर, उ0प्र0

## एक नजर

### रास्ते में ग्रामीण को धमकाया

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर अटरिया निवासी राजू का कहना है कि वह विश्वविद्यालय में पानी की टंकी की देखभाल करता है। लेकिन उसको कुछ लोग रास्ते में रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हैं और धमकाते हैं। आरोप है कि 28 फरवरी को रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने उसको परेशान किया था। उसके बाद इस मामले में पीड़ित ने गंज थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने अधिवक्ता के माध्यम से विशेष न्यायाधीश एससी एसटी न्यायालय में गुहार लगाई थी। अब इस मामले में 16 जून को सुनवाई होगी। जिसमें न्यायालय ने ने आरोपियों को नोटिस जारी किए है।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** नाबालिग को अपहरण करके ले जाने मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको कोर्ट ने जेल भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने नगर के रोरा कट पर दबिश देकर नाबालिग के अपहरण में फरार चल रहे आरोपी विवेक निवासी मोहल्ला मलपुरा रोड नियर अकोला मंदिर वनखेड़ा निरौली जनपद आगरा को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। वहां से न्यायालय के आदेश पर उसको जेल भेज दिया गया।

### चौकी की भूमि का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने तहसील स्वार क्षेत्र के अंतर्गत नरपतनगर में नवीन पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए चिह्नित की गई भूमि का निरीक्षण किया। नरपत नगर से होकर उत्तराखंड को जाने वाला मुख्य मार्ग सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। आमजन को सुरक्षात्मक माहौल मुहैया कराने के लिए प्रशासनिक स्तर से नवीन चौकी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस चौकी से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर और अधिक अंकुश लग सकेगा। साथ ही अपराधों में कमी आएगी। स्थानीय जनता को लाभ मिलेगा। इसके साथ-साथ इस मार्ग पर दुर्घटना रहित यातायात व्यवस्था को भी प्रभावी बनाए रखने में यह पुलिस चौकी सहायक साबित होगी।

# पैदल जा रहे ग्रामीण की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत

## सर्विस लेन पर मारी थी टक्कर, मौके पर ही हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक में सर्विस रोड पर पैदल जा रहा किसान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

मिलक के धनेली पूर्वी निवासी नेम नारायण उम्र 57 किसान था। रात को 9 बजे वह सर्विस रोड पर किसी काम से कहीं पैदल जा रहा था। रास्ते में पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन रवाना हो गए। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन।

### वाहनों की रफ्तार बन रही हादसों का कारण

हाईवे पर तेजी के साथ दौड़ रहे वाहन लोगों के लिए मौत का कारण बन रहे हैं। जिससे लोगों को निकलने तक में परेशानी आ रही है। नेशनल हाईवे पर लोग अपनी जान जोखिम डालकर तेजी के साथ वाहन चलाते हैं। जिससे आए दिन लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। सड़क पर निकले किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### हादसे में तीन लोग घायल

**मिलक, अमृत विचार :** सिंगरा निवासी गुड्डू पत्नी फहीम जहां और पुत्र अब्दुल रहमान के साथ नगर आया था। पुत्र और पत्नी की दवा लेने के बाद वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सुबह 11 बजे बिलासपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के समीप ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद गुड्डू और फहीम जहां को डाक्टर ने घर जाने की सलाह दी। अब्दुल रहमान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को अपने साथ ले गए।

# पर्यावरण संरक्षण को 12,35,310 पौधे लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पर्यावरण संवारने के लिए जिले में मनरेगा के तहत 12,35,310 पौधे रोपित होंगे। मनरेगा से जिले भर में पौधरोपण कराने के लिए गड्ढे खोदवाए जा रहे हैं। उपायुक्त मनरेगा अमित कुमार ने बताया कि इस बार पौधरोपण में फलदार पौधे रोपित करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि देशी आम, इमली, जामुन, बेल के अलावा नीम, सहजन और सागौन के पौधे रोपित कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से पौधरोपण शुरू कराया जाएगा। डीआरडीए द्वारा जिले में पौधरोपण कराने के लिए तैयारियों की जा रही हैं। स्वार ब्लॉक में सर्वाधिक 146 ग्राम पंचायतों में 265255 पौधे रोपित कराए जाएंगे। इसके अलावा बिलासपुर, चमरौआ, मिलक, सैदनगर, शाहबाद ब्लॉक में भी पौधे रोपित कराए जाएंगे। ब्लॉक बिलासपुर की 113 ग्राम पंचायतों में 205518, चमरौआ की 92 ग्राम पंचायतों में 167072 पौधे, मिलक की 120 ग्राम पंचायतों में 234265, सैदनगर ब्लॉक की 83 ग्राम पंचायतों में 150728 पौधे, शाहबाद की 117 ग्राम पंचायतों में 212472 पौधे रोपित होंगे। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में 1235310 पौधे रोपित होंगे। इसके अलावा वन विभाग द्वारा 325556 पौधे रोपित कराए जाएंगे।



पौधरोपण कराने के लिए कराए गड्ढे।

> जिले में 1235310 पौधे रोपित करने के लिए गड्ढे खुदवाए जा रहे हैं। 1 जुलाई से पौधे रोपित कराए जाएंगे। इसके लिए स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं।
> **-अमित कुमार**, उपायुक्त मनरेगा

# रेल लाइन के पास मिस्त्री का शव मिला, हत्या की आशंका

संवाददाता, मसवासी

- अमरोहा जिले का रहने वाला था अमित चौहान
- रविवार सुबह से था लापता, शव पर मिले चोट के निशान

**अमृत विचार :** पट्टीकलां में लालकुआं काशीपुर रेलवे लाइन के नीचे शव मिलने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शव पर कई चोट के निशान भी मिले हैं।

सोमवार को पट्टीकलां में लालकुआं काशीपुर रेलवे लाइन के नीचे झाड़ियों में जनपद अमरोहा निवासी अमित चौहान उम्र 38 वर्ष पुत्र सुखपाल सिंह का शव मिला। मृतक नजदीक के कस्बा सुल्तानपुर पट्टी में किराये पर रहकर मशीन से लेंटर डालने का काम करता था। वह रविवार सुबह से लापता था। सोमवार सुबह अचानक शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। सूचना उसके परिजनों को दी गई, सूचना पाकर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर खरोंच के निशान थे, लेकिन हत्या या आत्महत्या स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# रामजाने क्लब ने 5 विकेट से जीता मैच

संवाददाता, रामपुर/टांडा

**अमृत विचार :** जफर इकबाल, मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में यंग क्रिकेट क्लब टांडा व रामजाने क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें रामजाने क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रामजाने क्लब टांडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यंग क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 113 रन बनाए। रामजाने क्लब के गेंदबाज अक्शा बाजवा और नावेद रहमानी ने दो-दो विकेट लिए, मुख्तार, जावेद अली, सिराज ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रामजाने क्लब ने 15.4 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। बल्लेबाज अक्शा बाजवा ने 28 रन, कासिम सैफी ने 22, मुन्ना ने 16 व अदनान ने 12 रन बनाए। रामजाने क्लब ने यह मैच 5 विकेट से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामजाने क्लब के खिलाड़ी अक्शा बाजवा को पूर्व खिलाड़ी मैराज द्वारा तथा श्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार नदीम को कमेटी उपाध्यक्ष हाजी मुबीन द्वारा दिया गया। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया रहे। स्कोरर सरफराज आलम, ऑनलाइन स्कोरर, आकिब गुल और मौलाना जुनैद रहे। अंपायर इकबाल बलिया और जावेद अली ने की। यूट्यूब पर लाइव प्रसारण नाजिम अली ने किया। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू, सगीर माया, निजाम फरीदी, हाजी फुरकान, मुनीर बादशाह, मैराज आदि उपस्थित रहे।



ट्रॉफी के साथ मौजूद टीम व अतिथि। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप



### खाद की दुकानों पर की गई छापेमारी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अनुदानित नीम लेपित यूरिया का डायवर्जन रोकने के लिए दुकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मैसर्स अंबिका प्लाईवुड, दुर्गा इर्स प्लाईवुड, मैसर्स आर, सन्स प्लाईवुड, श्री राम प्लाईवुड, मैसर्स एसके प्लाईवुड का निरीक्षण किया। टेक्निकल ग्रेड यूरिया का एक नमूना ग्रहीत किया। ग्रहीत किए गए टेक्निकल ग्रेड यूरिया को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग एवं जिला कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

### घर में घुसकर युवक पर छूरी से हमला, घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर तोड़ फोड़ कर दी। युवक के विरोध करने पर उसको लाठी-डंडों और छुरी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी वारिस कमाल का कहना है कि सोमवार सुबह उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे। वह घर पर अकेला था। तभी कुछ लोग मौका पाकर उसके घर में घुस गए। उसके बाद घर में रखा सामान तोड़ फोड़ दिया। वारिस के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर छुरियों से हमला कर दिया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### समाज के सभी बच्चों को शिक्षा दिलाई जाए : कमल

**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज की बैठक बिलासपुर स्वास्थ्य केंद्र के निकट जिला मंत्री रामकिशोर तुरैहा के निवास स्थान पर हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जाना है। ऐसे में सभी लोग गुटबाजी को छोड़कर समाज के संगठन को मजबूत करने का काम करें। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष तरह से ध्यान देने की चाहिए।। निजी क्षेत्र में उद्योग, फैक्ट्री या प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय में एससी-एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन नहीं मिल पा रहा है। बिखरा हुआ समाज तरक्की नहीं कर सकता। पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का शिक्षित होना जरूरी है। जब तक समाज का प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। बैठक में डॉ. कृपाल सिंह, बाल किशोर तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, रामप्रसाद, अर्जुन कुमार, दीनदयाल, प्रमोद कुमार, रवि कुमार, राहुल, मोहित ,आकाश, विक्की, अशोक कुमार उर्फ पप्पू भाई, बाबूराम, दिनेश कुमार, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट, जख्मी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर चार व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी नाहिद खां द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा कि रविवार रात आठ बजे वह घर जा रहा था। इसी दौरान घर के पास साजन, वाजिद, अप्पू और ताहिर रास्ते में रोक लिया। उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों व्यक्ति ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि शोर-शराबे की आवाज सुनकर उसकी मां और भाभी बीच-बचाव के लिए आई। तो आरोपियों ने मां और भाभी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बाद में उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है।



### किसानों की पंचायत में उठा गन्ना भुगतान का मुद्दा

**शाहबाद, अमृत विचार :** सोमवार को शाहबाद के सरकारी गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत की पंचायत हुई। जिसमें क्षेत्र के किसानों ने गन्ने का भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग उठाई। किसानों ने उपजिलाधिकारी को नामित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। किसान नेता दरियाव सिंह ने कहा कि किसानों की खतौनी में अंश खराब हैं। अभियान चलाकर अंश ठीक किए जाएं। वहीं किसानों ने बिजली निगम के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि कर्मचारी अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों का बिल अधिक दर्शा रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर रामदास मौर्य, राहत खान, पप्पू यादव, शीशपाल सिंह, रमेश डीलर, अंसार सैफी, अर्जुन सिंह चौधरी, तेजपाल सिंह, रामस्वरूप सागर, सुरेश मुखिया, पप्पू खान, अफरोज खान, प्रमोद यादव, भूरा खान, सत्येंद्र यादव, पिंटू शर्मा, सरफराज हुसैन आदि किसान मौजूद रहे।

### बिजलीघर पर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बिजली घर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में विभाग के अधिशासी अभियंता को 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। सोमवार को कार्यकर्ता संगठन के जिला प्रवक्ता मनजीत सिंह अटवाल नेतृत्व में बिजली घर पहुंचे। जहां पर वे धरने पर बैठ गए और विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निदान कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। संविदा कर्मी मीटर रीडिंग के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फुंके हुए ट्रांसफार्मरों के स्थान पर नए ट्रांसफार्मर लगवाने आदि की मांगें शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों से समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर समाधान कराने की मांग की। इस मौके पर गुरदीप सिंह, कमरुद्दीन, सुखविंदर सिंह कमरुद्दीन, नरप्रीत सिंह, गुलजार सिंह, अवतार सिंह, पलविंदर सिंह, हरजीत सिंह, बब्बू चीमा, लखविंदर सिंह, बलजीत बाजवा, गुरचरन सिंह, मलकीत सिंह, राम अवतार, प्रेम प्रकाश गंगवार, महेंद्र पाल, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### मेंथा भट्टी पर मजदूर की गर्मी से मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर में मेंथा भट्टी पर काम कर रहे मजदूर की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अजीमनगर चौराहा पर बाबूराम की मेंथा टंकी है। यहां दिलपुरा निवासी धर्म सिंह उम्र 55 वर्ष मेंथा टंकी पर मजदूरी का काम करता था। सोमवार सुबह मजदूरी के लिए वह मेंथा टंकी पर आया था। यहां भट्टी झोंकते समय मजदूर गर्मी के कारण बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मजदूर को चारपाई पर लेटा दिया। इस दौरान पास से ही किसी चिकित्सक को बुलाकर दिखाया गया। लेकिन तब तक मजदूर की मौत हो चुकी थी। परिजन बिना किसी कार्यवाही के मृतक का शव लेकर घर चले गए।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** इनवर्टर के करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है।

गांव मुल्लाखेड़ा निवासी पुस्सन मियां का पुत्र बच्छन अली 40 वर्षीय उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर स्थित एक फैक्ट्री का वाहन चलाता था। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे उसके मकान में लगे इनवर्टर में फाल्ट हो गया। वह कमरे में लगे इनवर्टर को ठीक करने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान उसे इनवर्टर के करंट ने पकड़ लिया। परिजनों ने उसे किसी तरह करंट से छुड़ाया और इलाज के लिए निजी चिकित्सालय ले गए, लेकिन यहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सक ने रुद्रपुर स्थित हायर सेंटर को रेफर कर दिया। मगर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों द्वारा बिना किसी पुलिस कार्रवाई के मृतक को सुपुर्दे-ए-खाक कर दिया।

# भीषण गर्मी और लू का अनुमान, यलो अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों ने भीषण गर्मी और लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। रामपुर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और आसपास के जिलों में गर्मी बढ़ने की संभावना है। सोमवार को शिद्दत की गर्मी के चलते सड़कें सूनी रहीं। लोग जरूरी कार्यों से ही निकले।

मौसम का मिजाज दिनों-दिन तल्ख हो रहा है। मौसम विज्ञानिकों ने 11 जून तक हीट वेव चलने के साथ गर्मी बढ़ने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि हीट वेव चलने का अनुमान है लोग घरों से बाहर निकलने में एहतियात बरतें। उन्होंने बताया कि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल एवं आसपास के जिलों में हीट वेव चलने और गर्मी बढ़ने का अनुमान है। सोमवार दोपहर को गर्मी के कारण सड़कें सूनी रहीं। जरूरी कामों से ही लोग सड़कों पर निकलें। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ की मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि 11 जून तक हीट वेव चलने और गर्मी बढ़ने का अनुमान है। लोग गर्मी से बचें और जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलें। रात में मौसम गरम रहने की संभावना है।



गर्मी के कारण दोपहर में सूनी पड़ी सड़क।

- रामपुर और आसपास के जिलों में गर्मी बढ़ने के आसार

### हाल-ए-मौसम

- अधिकतम तापमान- 39 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान- 28 डिग्री सेल्सियस
- आर्द्रता- 60 प्रतिशत
- वायु वेग- 8 किमी प्रति घंटा

### खांसी और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ठंडा पेय पदार्थ पीने से लोग खांसी और जुकाम की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की कतारें लग रही हैं। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि गर्मी में कोई ठंडा पेय पदार्थ या ठंडा पानी पीने से लोगों को खांसी, नजला और जुकाम की शिकायत हो रही है। घर में आकर कुछ देर बैठे और इसके बाद पानी पिएं। गंदगी से ज्यादा टाइफाइड बुखार फैलता है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने कहा कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 1200 से 1400 मरीज खांसी, नजला, जुकाम के पहुंच रहे हैं। लोग यदि थोड़ी एहतियात बरतें तो बीमारियों से बच सकते हैं। गर्मी के मौसम में मामूली लापरवाही बरतने पर ठंडा-गरम हो सकता है।

### अजयपुर गांव में दो पक्षों में फायरिंग, 5 गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव में सोमवार सुबह एक पक्ष के मुस्तकीम और दूसरे पक्ष के नासिर खां के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते लाठी-डंडों के साथ पथराव और फायरिंग हो गई। सूचना मिलने के बाद दरोगा अयूब खान मौके पर पहुंच गए। आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। दरोगा अयूब खान ने गंज थाने में एक पक्ष के मुस्तकीम, यामीन, निजामुद्दीन, नवाब, करामत,भूरा और 15-20 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरे पक्ष के नासिर, अरशद, रिजवान, तस्वीर,अहमद हसन, फाजिल व 15, 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद फरार चल रहे नवाब, निजामुद्दीन, भूरा, करामत, रिजवान गिरफ्तार किया। मामले में थाना पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# इसी वर्ष शुरू होगा रामगंगा नदी का पुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामगंगा नदी पर 59 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण हो रहा है, जो करीब 70 प्रतिशत तक बनकर तैयार हो चुका है। पुल बनने से शाहबाद से रामपुर की दूरी करीब 10 किमी. कम हो जाएगी। मदारपुर पुल की लंबाई 638 मीटर है। इसी वित्त वर्ष में पुल के शुरू होने की अधिकारी उम्मीद है। मुख्य मार्ग को जोड़ने के लिए दोनों ओर 5.5 किलोमीटर का संपर्क मार्ग भी तैयार है।

शाहबाद तहसील क्षेत्र के मदारपुर-जयतोली पुल के निर्माण को लेकर मदारपुर गांव के लोग को आस है कि जल्दी पुल निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद उन्हें आवाजाही में काफी राहत मिलेगी। सेतु निगम के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर शशिकांत ने बताया कि पिलर के लिए 33 मीटर गहरे कुओं की खुदाई कराई गई थी। पिलर के लिए कुआं बनाने से पहले वाटर लेवल चेक किया गया। बताया कि इस पुल के निर्माण के लिए 22 पिलर बनाए गए हैं। 638 मीटर लंबे पुल को रोकने के लिए उसके नीचे 22 पिलर लगाए गए हैं। सेतु निगम ने विद्युत आपूर्ति के लिए खुद का बड़े पावर का जेनरेटर लगाया है। डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि पुल लगभग तैयार है, इसके लिए एप्रोच मार्ग भी बनकर तैयार हो गए हैं। मदारपुर जयतोली पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद कई गांवों के लोगों की रामपुर की दूरी करीब 10 किमी. कम हो जाएगी। लोगों का रामपुर जिला मुख्यालय तक पहुंचना भी आसान हो जाएगा।



निर्माणाधीन मदारपुर-जयतौली पुल। ● अमृत विचार

> मदारपुर-जयतोली पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद लोगों को मुख्यालय तक पहुंचने में काफी राहत हो जाएगी। पुल का 70 प्रतिशत कार्य निपट चुका है, एप्रोच मार्ग भी लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। इसी वित्तीय वर्ष में पुल के शुरू होने की उम्मीद है।
> **-शशिकांत,** डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम

### बाइक सवार युवकों ने युवतियों से की छेड़खानी

**रामपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार युवकों को युवतियों से छेड़खानी करना भारी पड़ गया। राहगीरों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी युवती का कहना है कि 8 जून को वह शाम को बहन और भाई के साथ घर को जा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार दो युवकों ने रिक्शा का पीछा करते हुए छेड़खानी कर दी। चलती रिक्शा से खींचने लगे। उसके बाद युवतियों के शोर मचाने पर राहगीर आ गए। बाइक सवार युवक एक को पकड़ लिया। दूसरा मौका पाकर फरार हो गया। बाद में पुलिस भी आ गई और आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। जहां युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अमरोहा निवासी शिवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दी।

# किसान से 20 लाख की शिमला मिर्च खरीद कर की धोखाधड़ी

संवाददाता रामपुर/टांडा

- पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव लांबाखेड़ा निवासी किसान यूनुस के साथ 20 लाख रुपये की शिमला मिर्च की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यूनुस ने पुलिस को बताया कि 18 दिसंबर 2024 को फिरोजाबाद के नारकी थाना क्षेत्र के लोकी गढ़ी निवासी रघुराज सिंह, उनके बेटे जीतू और अनुज तथा दो अज्ञात लोग उनके घर आए। इन्होंने शिमला मिर्च का कारोबार करने की बात कहकर 5000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से मिर्च खरीदने का सौदा किया। यूनुस ने 19, 21, 23 और 25 दिसंबर 2024 को कुल 4000 क्विंटल शिमला मिर्च आरएन रोड लाइन ट्रांसपोर्ट के जरिए जीतू के नाम पर बिल्टी कर दी। आरोपियों ने मिर्च ले ली और भुगतान के लिए जल्द आने का वादा किया। 5 अप्रैल 2025 को आरोपी गांव आए, लेकिन 20 लाख रुपये मांगने पर टालमटोल कर दो-तीन दिन में भुगतान का भरोसा दिया। 8 अप्रैल 2025 को उन्होंने कहा कि वे घर जाकर बैंक खाते में पैसे डाल देंगे। जब यूनुस ने जीतू से फोन पर संपर्क किया, तो आरोपियों ने धोखाधड़ी की बात कबूल की और पैसे देने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यूनुस ने 15 अप्रैल को थाना टांडा में शिकायत दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद 19 अप्रैल को उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने रघुराज सिंह, जीतू, अनुज और दो अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## सीएनजी प्लांट में सिलेंडर फटने से हुए धमाके

**संभल/ बबराला, अमृत विचार** : तेल एवं प्राकृतिक गैस कंपनी के सीएनजी प्लांट में सिलेंडर फटने से जोरदार धमाके हुए। आसपास का इलाका दहल गया। बताया गया है कि रिफिलिंग के दौरान लीकेज होने से दो सिलेंडर फट गए। धमाके इतने जोरदार थे कि प्लांट की दीवार का हिस्सा ढह गया और सिलेंडर के टुकड़े उछल कर दूर जा गिरे।

आगरा-मुरादाबाद हाईवे से चंद कदम दूर मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में रविवार रात करीब दस बजे सीएनजी रिफिलिंग के दौरान तेज धमाके के साथ दो सिलेंडर फट गये। धमाके इतने तेज थे कि प्लांट की दीवार का काफी हिस्सा ढह गया। गुन्नौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

प्लांट कर्मचारी इसे सामान्य घटना बता रहे हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के के ओझा ने बताया कि उन्होंने कंपनी से विस्तृत जांच आख्या तलब की है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि रविवार रात दो सिलेंडर फटे हैं, कोई जनहानि नहीं हुई है।

# अतिक्रमण की जद में आए मस्जिद के बड़े हिस्से को जेसीबी से किया ध्वस्त

### मंदिर का हिस्सा भी तोड़ा, हयातनगर में दोनों धर्मस्थलों में किया गया था अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **लोक निर्माण विभाग ने तीन दिन पहले मस्जिद कमेटी को जारी किया था नोटिस**
- **एसडीएम की मौजूदगी में मजदूरों ने तोड़ा मस्जिद का हिस्सा, फिर चली जेसीबी**


हयातनगर में मस्जिद का अतिक्रमण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे लोक निर्माण विभाग की सड़क पर बने धर्मस्थलों को तोड़ने की कार्रवाई हुई। मस्जिद के बड़े हिस्से को जेसीबी ने ध्वस्त किया वहीं मंदिर के कुछ हिस्से को भी तोड़ा गया। एहतियातन अधिकारियों के साथ ही पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रशासन ने पिछले महीने हयातनगर थाने से आगे प्राचीन धर्मकूप मंदिर और उसके सामने मस्जिद को लेकर पैमाइश की थी। देखा गया कि लोक निर्माण विभाग की सड़क में दोनों धर्मस्थलों का कितना हिस्सा आ रहा है। अतिक्रमण चिह्नित कर लिए जाने के बाद कार्रवाई की बात कही गई थी। दोनों ही धर्मस्थलों के संचालकों से अतिक्रमण खुद तोड़ लेने को कहा गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने मस्जिद कमेटी को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। सोमवार को सुबह एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

प्रशासनिक अमले ने अतिक्रमण तोड़ने की तैयारी की तो मस्जिद को कमेटी के लोगों ने खुद ही मजदूरों के जरिये तुड़वाना शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह तो काफी वक्त लगेगा और परेशानी भी होगी जिसके बाद बुलडोजर से सड़क में आ रही मस्जिद के हिस्से को तोड़ने का काम शुरू हो गया। बुलडोजर ने आगे की तरफ के हिस्से को ध्वस्त कर दिया। चूंकि मस्जिद परिसर में आ रही मजार के भी सड़क में आने की बात थी तो तय किया गया कि मजार को ऐसे ही उठाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करा दिया जाएगा। इस पर सहमति जताई दी गई।

#### मंदिर का अतिक्रमण वाला हिस्सा भी तोड़ा गया

लोक निर्माण विभाग की सड़क में आ रहे मंदिर के हिस्से को भी तोड़ने का काम शुरू हो गया। मजदूरों ने आगे की तरफ बाउंड्री को तोड़ना शुरू किया। दोपहर में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार भी मौके पर पहुंच गए। मामला धर्मस्थलों से जुड़ा था, इसलिए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता से काम लिया। एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों पैमाइश करने पर पाया गया था कि मस्जिद और दरगाह पूरा हिस्सा सड़क में आ रहा है और दूसरी तरफ मंदिर का आंशिक हिस्सा भी आ रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया था जिसके बाद आज कार्रवाई हुई है।

## संघ स्वयंसेवकों ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**बहजोई, अमृत विचार**: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर शाखा के कार्यकर्ताओं ने हिंदू साम्राज्य दिवस धूमधाम के साथ मनाया।

श्री भगवानपुर देवी मंदिर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार वैदिक ने कहा कि आज का दिन समस्त हिन्दू समाज के लिये गौरव का दिन है। आज ही हिन्दू पदपादशाही की स्थापना हुई और वीर छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ। शिवाजी महाराज बचपन से ही स्वाभिमानी एवं राष्ट्रभक्त थे। शिवाजी महाराज के शासन में सभी की सहभागिता रहती थी। सामान्य मछुआरों से लेकर वेदशासित पंडित सभी उनके राज्य में सहभागी थे। जिला संचालक अनिल शास्त्री, सह जिला कार्यवाह संभव जैन, जिला व्यवस्था प्रमुख मनोज कारसेवक, नगर बौद्धिक प्रमुख चैतन्य चौहान, नगर सह गौ सेवा प्रमुख दुष्यंत,प्रशांत, एथलीट एकांश, मुकेश बुर्जवाल ,जयदीप, अजय ,सुरेश, बबलू, मोनू ,गोविंदा, वेद प्रकाश, हरिओम सहित आदि मौजूद रहे।

# स्टाफ नर्स के भरोसे चल रहा सौंधन का पीएचसी



सौंधन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल / सौंधन

- **गांव सौंधन मोहम्मदपुर के अस्पताल के डॉक्टर पांच महीने पहले हो गए सेवानिवृत्त**

**अमृत विचार** : विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं होने की वजह से अस्पताल स्टाफ नर्स के सहारे है। मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण मरीज निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर हैं।

सौंधन मोहम्मदपुर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात रहे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पांच महीने पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। इससे दो साल पूर्व फार्मासिस्ट का तबादला हो गया था। चिकित्सक के सेवानिवृत्त होने के बाद अस्पताल में सिर्फ स्टाफ नर्स और एलटी हैं। मुख्य रूप से अस्पताल स्टाफ नर्स के भरोसे चल रहा है। अस्पताल में रोजना 100 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। डॉक्टर नहीं होने की वजह से कई मरीजों को वापस जाना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग को हालात की जानकारी है लेकिन डॉक्टर की तैनाती नहीं की जा रही है। जिससे मरीजों में रोष पनप रहा है।

## जिला अस्पताल रोड से सिटी मजिस्ट्रेट ने हटवाया अतिक्रमण


जिला अस्पताल के बाहर अतिक्रमण हटवाते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **होटल में की छापेमारी, संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में लिया**

**अमृत विचार** : सिटी मजिस्ट्रेट ने जिला अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटवाया । भविष्य में अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने एक होटल पर भी छापा मारा। जहां मौजूद मिले संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोमवार शाम पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल के पास पहुंचे। जहां अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई शुरू कराई। चेतावनी दी तो लोग अतिक्रमण हटाने में जुट गए। इस बीच पुलिस ने भी अतिक्रमण करने वाले लोगों के नाम नोट किए। सिटी मजिस्ट्रेट ने शंकर कॉलेज चौराहा के पास एक होटल पर भी छापा मारा। होटल में एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। होटल संचालक को नोटिस भेजा जाएगा। जवाब नहीं देने पर होटल सील किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि शंकर चौराहा से यशोदा चौराहा के बीच में जिला अस्पताल के सामने अतिक्रमण हटवाया जा रहा है क्योंकि यहां प्रधानमंत्री जन औषधि की दो दुकानें बननी हैं। उनका रास्ता सड़क की तरफ रहेगा। अगली बार अतिक्रमण किया तो शांतिभंग और जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में पिता व भाई ने की थी युवती की हत्या

कार्यालय संवाददाता,संभल/ बहजोई

- **पुलिस ने पिता व भाई सहित पांच आरोपी गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया**
- **युवती के प्रेमी, उसके साले, ससुर व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी**
- **50 हजार में पोस्टमार्टम रिपोर्ट मैनेज करने वाला फार्मासिस्ट भी गिरफ्तार**


जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, गिरफ्त में हत्यारोपी पिता-पुत्र व अन्य।

**अमृत विचार**: पड़ोसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग के चलते युवती के पिता व भाई ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बेटी की गला दबाकर हत्या की थी। प्रेमी को फंसाने को लेकर हत्या कर युवती का शव कमरे में फंदे से लटका दिया था। फार्मासिस्ट को 50 हजार देकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी बदलवा दी थी। मामले में पुलिस ने पिता पुत्र व फार्मासिस्ट सहित पांच को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि रजपुरा थाना के गांव हैमदपुर निवासी चंद्रकेश की बेटी मंजू का शव 27 मई को घर के ही कमरे में फंदे से लटका मिला था। मंजू की हत्या का आरोप लगाते हुए पिता चंद्रकेश ने पड़ोस के ही युवक युवती के प्रेमी प्रमोद तथा गांव जयदासपुर के रहने वाले उसके साले उमेश, ससुर हरनारायण, पप्पू तथा दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एसपी ने बताया कि मंजू का गांव के ही प्रमोद के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रमोद की शादी युवती के भाई धर्मेंद्र ने अपनी ससुराल की पूनम के साथ कराई थी। प्रमोद की पत्नी पूनम को प्रेम प्रसंग की रिकॉर्डिंग व अन्य सबूत मिले थे। में पूनम ने अपने भाई उमेश और युवती के परिवार वालों से भी शिकायत की थी। इसको लेकर 26 को मंजू और पूनम के बीच झगड़ा भी हुआ था। फिर प्रमोद ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी जिससे यह बात गांव में फैल गई की।

युवती के पिता और भाई को समाज में लज्जा महसूस हुई। 27 मई सुबह 6 बजे पिता चंद्रकेश और भाई धर्मेंद्र ने घर में ही मंजू की गला दबाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देते हुए शव फंदे पर लटका दिया था। चंद्रकेश ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने और उसके बेटे धर्मेंद्र ने ही गला दबाकर मंजू की हत्या की थी। बाद में हत्या का आरोप प्रेमी पर लगाने के लिए षड्यंत्र रचा था। अब पुलिस ने मंजू के पिता चंद्रकेश,भाई धर्मेंद्र के साथ ही साजिश रचने वाले जयप्रकाश और प्रवेश के अलावा बहजोई के फार्मासिस्ट मधुर आर्य को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मैनेज करने की सौदेबाजी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

#### फार्मासिस्ट ने 50 हजार में किया था सौदा

मृतका के भाई धर्मेंद्र को जयप्रकाश ने बताया कि शव को फंदे पर लटका दिया है। इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आएगी। उसने जुनावई के गांव अजीजपुर के प्रवेश कुमार से बात की। उसने बहजोई सीएचसी में फार्मासिस्ट मधुर आर्य से बात की तो 50 हजार में सौदा हुआ। पुलिस ने मधुर आर्य से 15000 रुपये बरामद किए हैं।

#### प्रेमी को फंसाने के लिए रची थी साजिश

एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि चंद्रकेश ने प्रेमी प्रमोद उसके साले उमेश व ससुर हरनारायण पप्पू तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद पता चला कि इनका हत्या से कोई लेना देना नहीं है। पूरी गहनता से जब जांच की गई तो पिता पुत्र ही बेटी के हत्यारे निकले होने गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### सार-संक्षेप

#### भाकियू की पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति की मांग



**संभल, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) के जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कामेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 13 जून को ब्लॉक परिसर असमोली में किसान पंचायत होगी। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार संभल, सीओ, बीडीओ, आपूर्ति निरीक्षक, जेई, एसडीओ जल मिशन आदि को उपस्थित किए जाने की मांग की। इस दौरान शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, ऊदल सिंह, अमनजीत चौधरी, रविता देवी, ननिहा देवी आदि रहे।

#### गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश



**गुन्नौर,अमृत विचार** : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने सोमवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। राजकुमार, एलटी उस्मान अली और वीसीपीएम रईस अहमद बीसीपीएम गैरहाजिर मिले। सीएमओ ने तीनों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। वहीं स्थानांतरण होने के बाद भी लंबे समय से आवास कब्जाए बैठे फार्मासिस्ट जसवंत सिंह और 9 महीने पहले स्थानांतरित होने के बाद भी आवास में ताला डालने वाले निवर्तमान अधीक्षक डॉ. पवन सिंह को आवास खाली करने के लिए पांच दिन का वक्त दिया है। इसके बाद एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। सीएमओ ने ओपीडी में मरीजों से बातचीत कर दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।

#### युवक से रुपये छीने, बाइक में आग लगा दी



**चन्दौसी, अमृत विचार** : थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली में अपने घर युवक से कुछ युवकों ने मारपीट करते छीन लिए और उसकी बाइक में आग लगा दी। युवक ने 6 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआं निवासी दानिश पुत्र शाकिर हुसैन रविवार की रात 9 बजे बाइक से अपने घर जा रहा था। मोहल्ला तेली वाला कुआं के पास मस्जिद के पास नरौली निवासी 6 लोगों ने उसे रोक लिया और गालियां देकर जेब में रखे 30 हजार रुपये छीन लिए और उसकी बाइक में आग लगा दी। दानिश ने नरौली पुलिस चौकी में तहरीर देते हुए उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

#### सौंदर्यीकरण कराने को तोड़ी 30 मीटर लंबी दीवार



**चन्दौसी, अमृत विचार** : अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर विकाय कार्य कराया जा रहा है। पूर्व में रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक पर कुछ दुकानों के ध्वस्त कर दिया गया था। साथ ही मालगोदाम रोड पर बने रेलवे के आवासों को भी ध्वस्त किया जा रहा है। रेलवे के ठेकेदार की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक पर 30 मीटर लंबी दीवार को भी जेसीबी से तोड़ दिया गया। ताकि विकास कार्य के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा सके। अभी रेलवे स्टेशन के पास बने कुछ रेलवे के आवासों को और ध्वस्त किया जाएगा। इसके बाद रेलवे स्टेशन के बाहर 2 गेटों का निर्माण प्रस्तावित है। ताकि एक गेट से आगमन व दूसरे गेट से यात्रियों को निकास होगा।

#### डीएम आवास के निकट चली गोली ,तीन हिरासत में

**बहजोई,अमृत विचार** : दो पक्षों में विवाद के बाद बाइक सवार तीन युवकों ने डीएम आवास के निकट हवाई फायरिंग कर दी। पुलिस ने तीन लोगों को मौके से हिरासत में लिया है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। बहजोई की ईदगाह कॉलोनी स्थित डीएम आवास रोड पर दो पक्षों में विवाद हो रहा था। विवाद के इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर गाली गलौज करने लगे। विवाद के बीच ही एक लाल रंग की बाइक पर तीन युवक आए और एक युवक ने अवैध तमंचे से हवाई फायर कर दिया। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस पहुंची जहां पर विवाद कर रहे दो पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हालांकि पुलिस इस बात से मना कर रही है कि वहां कोई फायर हुआ। जांच के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेशन के कायाकल्प में तेजी की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

- **व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्टेशन अधीक्षक को दिया ज्ञापन**
- **5 माह में कार्य पूरा न होने पर धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी**

**अमृत विचार**: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देकर एक वर्ष से अधर में लटके कायाकल्प का कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।

व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर कराए जा रहे विकास कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एक वर्ष में मात्र प्लेटफार्म नंबर 1 के उच्चीकरण का ही कार्य पूरा हुआ है। जबकि लिफ्ट, प्लेटफार्म 2 के उच्चीकरण, मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण आदि कार्य अधर में लटका है। कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2023 के नवंबर माह में कायाकल्प का कार्य आरंभ किया था। अब तक सिर्फ 40 प्रतिशत कार्य ही पूरा किया गया है। डीआरएम भी कार्य को लेकर असंतोष जता चुके हैं और उक्त कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे चुके हैं। चेतावनी दी कि 5 माह में कार्य पूरा नहीं किया गया तो व्यापार मंडल स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, तुषार कुमार, इमरान, अन्ना खान, इरफान मंसूरी, मुजीव, शुभम अग्रवाल, राजा कुरैशी, सभासद अमन कोली आदि मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़,अमृत विचार**: गांव जहांगीरपुर निवासी अमर पाल (41) पुत्र बाबूराम सोमवार की शाम पत्नी सुलेखा के साथ बाइक से गांव रीठ की बाजार में सब्जी खरीदने गया था। पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने अमर पाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुलेखा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने पिकअप के चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में लिया है।


मृतक अमर पाल।

# श्री कल्कि धाम में शिला स्थापना कार्यक्रम में आएंगे स्वामी सदानंद

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **शिला स्थापना महापर्व कल से, शंकराचार्य के सहयोगी ब्रह्मचारी पहुंचे**

**अमृत विचार** : ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम की भूमि खुदाई का कार्य पूर्ण होने बाद पत्थर की विशाल शिलाओं को भूगर्भ में स्थापित करने का कार्य 11 जून से शुरू होगा। इस कार्य को शिला स्थापना महापर्व का नाम दिया गया है।

श्री कल्कि धाम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया था। भूमि पूजन के बाद 21 फिट तक भूमि की खोदाई की गई। अब मुख्य गर्भ गृह के नीचे पूजित कूर्म शिला को स्थापित करने के लिए श्री द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती त्रिदिवसीय प्रवास पर 10 जून को श्री कल्कि धाम आ रहे हैं। शंकराचार्य के सहयोगी ब्रह्मचारी 9 जून को ही श्री कल्कि धाम पहुंच गए। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार रहेंगे। आलोक कुमार का दो दिवसीय प्रवास पर श्री कल्कि धाम आने का कार्यक्रम प्राप्त हो गया है। बताया गया कि 11 जून से उत्खनित स्थल पर राजस्थान से आईं 100-100 क्विंटल की विशाल शिलाओं को स्थापित करने का कार्य विधिवत रूप से शुरू होगा जिसका शुभारंभ सुबह 10 बजे शंकराचार्य करेंगे। इस दौरान कई विशिष्टजन रहेंगे। शिला स्थापित करने के लिए धार्मिक मंत्रोच्चार महाकालेश्वर उज्जैन के पुरोहितों द्वारा किया जाएगा।

## संभल से दंगों का नहीं मोहब्बत का जाएगा पैगाम : डॉ.इंद्रेश

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **सूफी संत सम्मेलन में सांप्रदायिक सौहार्द्र पर दिया गया जोर**

**अमृत विचार** : भारतीय सद्भावना मंच की ओर से आयोजित सूफी संत सम्मेलन में सर्व धर्म समाज के लोगों ने एक मंच पर आकर आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द्र पर जोर दिया।

सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास कोल्ड स्टोर में पूर्व चेयरमैन एवं भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयोजक हाजी नुसरत इलाही की अध्यक्षता में सूफी संत सम्मेलन एवं राष्ट्र रक्षा सूत्र कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संरक्षक देवर्षि (आरएसएस) डॉ. इंद्रेश कुमार रहे। वक्ताओं ने कहा कि सूफी इंसानियत के रास्ते पर चलने वाला होता है जो सबको अपनाता है। जिसे संत सम्मेलन भी कहते हैं। हम प्यार से चल सकते हैं लड़कर नहीं। किसी भी ग्रंथ या पुस्तक में लड़ने का नहीं बल्कि प्यार और मोहब्बत का संदेश दिया गया है। हमें कट्टरता का संदेश किसी ने नहीं दिया। डॉ. इंद्रेश कुमार ने पैगम्बर मुहम्मद, भगवान श्रीराम की सेवाओं ओर पैगाम के बारे में बताया। कहा कि संभल से दंगों का नहीं मोहब्बत का पैगाम जाएगा। हम ऐसी सूरत बनाएंगे कि यहां से अमन का शांति का पैगाम जाए।

# डीएम ने देखा महावा का पुनरोद्धार, चलाया फावड़ा

कार्यालय संवाददाता,संभल


महावा नदी में फावड़ा चलाते जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया।

- **लुप्तप्राय हो चुकी महावा नदी के पुनरोद्धार की कवायद**

**अमृत विचार**: जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया सोमवार को गुन्नौर के ग्राम भोजराजपुर में लुप्तप्राय हो चुकी महावा नदी के पुनरोद्धार कार्य का निरीक्षण करने पहंचे तो खुद को रोक नहीं पाये। फावड़ा पकड़ा और खुदाई के काम में जुट गये। बदन झुलसा देने वाली गर्मी में जिलाधिकारी को फावड़ा चलाते देख ग्रामीणों ने महावा नदी के जयकारे लगाने शुरु कर दिये।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया गुन्नौर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में शामिल होने के लिए गये थे। दोपहर 2 बजे समाधान दिवस समाप्त हुआ तो जिलाधिकारी महावा नदी के खोदाई कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंच गये। जिलाधिकारी ने मजदूरों को श्रमदान करते देखा तो खुद को रोक नहीं पाये। जिलाधिकारी ने फावड़ा लिया और खुद भी खुदाई शुरु कर दी। जिलाधिकारी को खुदाई करते देख वहां मौजूद ग्रामीणों ने महावा मैय्या की जय जैसे नारे लगाने शुरु कर दिये। जिलाधिकारी काफी देर तक फावड़े से मिट्टी की खोदाई करते रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि महावा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य को तेजी से किया जाए।

#### डीएम ने किए शिवलिंग के दर्शन

ग्राम मसूदनपुर में महावा के नजदीक प्रकट हुए शिवलिंग के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा तथा पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव ने दर्शन कर पूजा अर्चना भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि जलेश्वर महादेव के भव्य मंदिर के लिए एक समिति बनाई गई है। मंदिर निर्माण से संबंधित प्लान तथा डीपीआर तैयार कराई जाएगी।

## तीन ट्रांसफार्मर खराब, भीषण गर्मी में लोग हुए बेहाल

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बुरावली में तीन दिन में एक के बाद एक तीन ट्रांसफार्मर खराब हो गए। बुरावली में शिव मंदिर के पास रखे ट्रांसफार्मर में रेडिएटर खराब होने से तेल की कमी हो गई। जिससे ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसके बाद रविवार की शाम अलीशेर की दुकान के पास रखा ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल गया। इसके बाद नखाशा में रखा ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। लगातार तीन ट्रांसफार्मर के खराब होने से बुरावली की बिजली व्यवस्था चरमरा गई जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इनवर्टर जवाब दे गए। बुरावली बिजली घर जेई राजकुमार गिरी का कहना है एक ट्रांसफार्मर खराब होने पर लोगों द्वारा दूसरे ट्रांसफार्मर पर तार डाल दिए जाते हैं जिससे दूसरा ट्रांसफार्मर भी खराब हो जाता है। इसी तरह ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर में तेल की कमी को पूरा कर कर बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चला दी जाएगी।

# गर्मी में बिजली कटौती पर भड़का किसानों का गुस्सा

## भाकियू भानू ने बिजलीघर पर किया प्रदर्शन, सुधार की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में बिजली की भारी कटौती भी क्षेत्र की जनता के लिए सिर दर्द बनी है। सिवोरा बिजली घर से जुड़े दर्जनों गांव में बिजली की भारी कटौती एवं लो वोल्टेज चल रहे हैं। जिसकी वजह से गर्मी से राहत देने के लिए पंखे, कूलर, फ्रिज इत्यादि उपकरण भी केवल शो पीस बनकर रह गए हैं। भाकियू भानु ने सिवोरा बिजली घर पर प्रदर्शन कर बिजली सप्लाई सही कराने की मांग की।


बिजली अधिकारियों से वार्ता करते भाकियू भानु के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने सिवोरा बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। कहा कि दर्जनों गांवों के परेशान विद्युत उपभोक्ताओं ने अनेकों बार अधिकारियों से विद्युत सप्लाई में सुधार करने के लिए गुहार लगाई। लेकिन कोई सुधार न होने से यहां के उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में मच्छरों के प्रकोप के साथ-साथ बिजली की कटौती से जूझना पड़ रहा है। फसलें सूखने की कगार पर है। प्रदेश महासचिव ठाकुर पोपाल सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द बिजली कटौती में सुधार नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर भारतीय किसान यूनियन भानू उग्र आंदोलन करेगी।

एसडीओ अरुण कुमार एवं अवर अभियंता अशोक भारती ने पदाधिकरियों एवं क्षेत्र के किसानों को शीघ्र ही विद्युत सप्लाई में सुधार किए जाने के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। नेमपाल सिंह, सौरभ चौधरी, उमेश सिंह, उमेश सिंह, दीपक सिंह, अंकुर कुमार, उदयवीर, मुखराम सिंह, जीवन सिंह, अनिल कुमार, अंकित सिंह, हाजी अब्दुल सत्तार, कालू, पप्पू, रवि, अमन गुप्ता, सोनू सिंह, दिनेश कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली समस्या से जूझते किसानों ने किया प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ ने गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। देहात एसडीओ राजेश सिंह और जेई सत्यम सिंह का घेराव कर जमकर विरोध जताया। किसानों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसानों का मुख्य मुद्दा बिजली की खराब आपूर्ति को लेकर था। संघ के सदस्यों ने बताया कि चकोरी, झकड़ी, मोहम्मदपुर बेगपुर शर्की और रामपुर भूड़ सहित अनेकों गांवों में विद्युत आपूर्ति तीसरे दिन भी मात्र दो-तीन घंटे की जा रही है। आपूर्ति कम से कम 10-12 घंटे लगातार दी जाए। अनेकों गांवों में ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, बहुत कम तो कभी अत्यधिक वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली के साथ-साथ, हर घर नल हर घर जल योजना की विफलता भी किसानों के निशाने पर रही। किसानों ने कहा कि गांवों में बनी पानी की टंकियों से जल आपूर्ति नहीं हो रही है। किसानों ने ग्राम रामपुर भूड से गांव डगरपुरी तक की सड़क की जर्जर हालत पर भी आक्रोश व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, किसानों ने लेखपालों द्वारा फर्दों में गलत तरीके से किसानों की जमीन का अंश बंटवारा किए जाने का मुद्दा भी उठाया और मांग की कि गांवों में दो कैंप लगाकर इस समस्या को ठीक कराया जाए। धर्मपाल सिंह चौहान, महिपाल सिंह, जयप्रकाश शर्मा, रोहतास सिंह, अशोक कुमार, सतीश कुमार, गोविंद सिंह, उमेश चंद्र, नरेंद्र चौधरी, ओमवीर सिंह चौहान, चौधरी कविंद्र सिंह, सुभाष सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान की बेटी की शादी में दो पक्षों में जमकर मारपीट

संवाददाता, हसनपुर

- दोनों पक्षों की तरफ से नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** पूर्व प्रधान की बेटी की शादी में रस्मों के दौरान दो पक्षों में लाठी डंडों एवं लात घूंसों के चलने से मैरिज हॉल में भगदड़ मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शनिवार की रात ग्राम गंगवार के एक मैरिज हॉल में बुरावली के पूर्व प्रधान की बेटी की बरात में रस्मों को निभाया जा रहा था। इस दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे और बैल्टें भी निकल आयी। इस दौरान जमकर लाठी डंडे बेल्टे एवं कुर्सियां चली। जिससे मैरिज हॉल में अफरा तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष की ओर से कोशिंदर,सुमित,कपिल निवासी ग्राम नवाबपुरा भूड़ एवं सुमित पुत्र प्रीतम पपसरी खादर मारपीट में घायल हो गये। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से नीटू,नरदीप, टिंकू, आकाश, लव कुश निवासी ग्राम बुरावली घायल हो गये। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आनन फानन में घायलों को रहरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**हसनपुर,अमृत विचारः** थाना सैदनगली के गांव दमगढ़ी निवासी नितिन कुमार पुत्र सुनील कुमार संभल गजरौला बाईपास मार्ग एक मार्ट में बीते दिन बाइक से गया था। जब वह मेगामार्ट से बाहर आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी लव कुमार निवासी खुर्तियां थाना रहरा को बाइक समेत अरेस्ट कर लिया।

# नारी सशक्तीकरण, सांस्कृतिक जागरुकता जरूरी


कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द महाराज, आचार्य बालकृष्ण व डॉ. सुमेधा।


नारी शक्ति जागरण शिविर में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- नारी शक्ति जागरण शिविर में पहुंचे स्वामी चिदानन्द महाराज ने किया संबोधित

**अमृत विचार :** नारी शक्ति जागरण शिविर के समापन कार्यक्रम में पहुंचे स्वामी चिदानन्द महाराज ने कहा कि आचार्या डॉ. सुमेधा सशक्त नारी की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। इस शिविर का उद्देश्य बेटियों का सर्वांगीण विकास कराना है। नारी सशक्तीकरण, आत्मबोध और सांस्कृतिक जागरुकता को बढ़ावा देना है।

श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल चोटीपुरा के नारी शक्ति जागरण शिविर के सम्पूर्ति समारोह में आयुर्वेद मनीषी बालकृष्ण महाराज, आध्यात्मिक एवम् ध्यान गुरु डॉ. अर्चिका सुधांशु दीदी और मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह रहे। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानन्द महाराज ने कहा, परमात्मा साकार रूप में सब जगह नहीं हो सकते थे। इसीलिए उन्होंने धरती पर नारी शक्ति को बनाया। आचार्या डॉ. सुमेधा तो सशक्त नारी की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। वह श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा में बेटियों को सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में जुटी हैं। आज नारी इतनी सशक्त है, उसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से नारी शक्ति का प्रतीक सिंदूर पूरी दुनिया में भारतीय नारी की शक्ति की पहचान बन चुका है।

चोटीपुरा गुरूकुल की आचार्या डॉ. सुमेधा ने गुरुकुल की विकास यात्रा और उपलब्धियों से परिचित कराया। कहा कि, नारी शक्ति समाज की मुख्य अधाराशिला है। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संग-संग वीरता प्रदर्शन में गुरूकुल की कन्याओं ने तलवार संचालन, कल्लरीपयट्टु के अद्भुत कौशल ने दर्शकों को दक्षिण भारत की प्राचीन युद्धकला से परिचित कराया। जिसमें आत्मरक्षा की शक्ति और मानसिक एकाग्रता का समन्वय स्पष्ट झलका। आचार्य बालकृष्ण जी ने कन्याओं को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में बताया।

# किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 12 जून को उप जिलाधिकारी कार्यालय पर एक विशाल पंचायत का आयोजन किया जाएगा।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू बीआरएसएस के सदस्य। ● अमृत विचार

- समाधान न होने पर 12 जून को विशाल पंचायत का ऐलान

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पंचायत दोपहर 11 बजे से प्रारंभ होगी। कहा कि पंचायत में जल जीवन मिशन के एक्शन अमरोहा, विद्युत विभाग के एक्शन हसनपुर, जेई हसनपुर, जेई हसनपुर देहात जेई ,उझारी चौकी इंचार्ज, लेखपाल पत्थरा मुस्तकम, लेखपाल कुड़ी वीरान, सप्लाई इंस्पेक्टर हसनपुर, आईटीओ अमरोहा, बैंक मैनेजरों को शामिल होना होगा। अधिकारी दोपहर 1 बजे तक पंचायत स्थल पर नहीं पहुंचते हैं और किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। योगेंद्र सिंह, सोनू गुर्जर, अतीक अहमद, उदयवीर सिंह, ओमपाल सिंह, दीपक गुर्जर, देवेंद्र सैनी आदि सहित बड़ी संख्या में किसान और यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टेंपो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बुरावली में सुबह 8 बजे धर्म कांटे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बांसका खुर्द निवासी सुहेल किसी काम से अपनी बाइक से बुरावली आ रहा था। इस दौरान जैसे धर्म कांटे पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे सुहेल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों को पता लगने पर मौके पर पहुंच गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। घायल की हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी रहरा रेफर कर दिया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं एसडीएम विभा श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

संवाददाता,हसनपुर

- 13 शिकायतें हुईं दर्ज, दो का मौके पर किया गया निस्तारण

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा के अवकाश के कारण इस बार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार की जगह सोमवार को किया गया।

ब्लॉक सभागार में उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने समस्याएं सुनीं। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की चार, चकबंदी विभाग की दो, पुलिस विभाग की दो, विकास विभाग की एक, विद्युत विभाग की तीन और पूर्ति विभाग की एक शिकायत शामिल हैं दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। एसडीएम ने कहा कि समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भाकियू की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर की गई चर्चा


भाकियू की पंचायत को संबोधित करते ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंडी समिति में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि हरिद्वार में वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 16 जून से 18 जून तक चलेगा। जिसमें किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। झकड़ी फीडर के किसान बिजली विभाग की लापरवाही से परेशान हैं। गांव अहरौला में तूफान में गिरी लाइन और ट्रांसफार्मर एक किसान द्वारा ठीक कराने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने किसान पर ही जुर्माना लगा दिया । इसे खत्म नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। मध्य गंग नहर में अति शीघ्र पानी चलाया जाए। बैठक की अध्यक्षता बाबू अली ने की। महेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, सागर सिंह, महेश पहलवान, कुशल सिंह, सतपाल सिंह, रोहतास सिंह, बृजपाल सिंह, महेश सिंह, वृत पाल सिंह, शीशपाल सिंह, सीता आर्य आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बीडीओ, एसडीओ, अधिशासी अभियंता पर भी कार्रवाई
- शिकायतों का निस्तारण न होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** नौगांवा तहसील में डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुना। इस दौरान तहसील नौगांवा के न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण को लेकर अधिकारियों को चेताया। शिकायतों के निस्तारण का फोन कर फीडबैक लिए जाने पर असंतुष्ट दिखीं डीएम ने तहसीलदार , नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, एसडीओ, अधिशासी अभियंता विद्युत का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण के निर्देश दिए हैं।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

शनिवार को बकरीद होने के चलते सोमवार को नौगांवा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के मिशन 100 के तहत तालाबों की खुदाई कराकर पुनरोद्धार किये जाने के कार्य में लापरवाही के चलते खण्ड विकास अधिकारी अमरोहा का वेतन रोकने के आदेश दिए। कहा जब तक खुदाई का कार्य पूर्ण नहीं तब तक वेतन नहीं मिलेगा। डीएम ने तहसील नौगांवा के न्यायिक और राजस्व कार्यो की एसडीएम, तहसीलदार नायब तहसीलदार व अन्य के साथ बैठक कर समीक्षा की। न्यायालय में 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष तथा 5 वर्ष से अधिक के धारा 34 और 67 के पुराने वादों के निस्तारण की स्थिति, न्यायालय के आदेशों के अनुपालन की स्थिति, गाटों के विभाजन की कार्य योजना की प्रगति, तालाबों पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे, अविवादित विरासत, लेखपालों की दिनचर्या बही , सहित अन्य किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालय में मामले लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की और प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब और पशुचर की भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए। कहीं पर भी सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं होनी चाहिए। धारा 24 और 116 की जो आदेश जारी किए गए उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कहा कि उपजिलाधिकारी पैमाइश और चिन्हाकन के कार्य में स्वयं रुचि लेकर कार्य करें। कहा कि लगातार लापरवाही की जा रही है बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप उपजिलाधिकारी नौगावां सादात, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### मेधावी बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित




**सैदनगली,अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली के रामलीला मंच पर रविवार की देर रात वैश्य समाज महासभा द्वारा मेधावी बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। महासभा के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग ने कहा कि हम सभी लोगो को समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। विवादों को आपसी सहमति के आधार निपटाने का प्रयास करें। पुरुषोत्तम सरन गुप्ता, डा. पुनीत गुप्ता, अंकित गुप्ता, विजय प्रकाश गुप्ता, पदमेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, शुभनीत गुप्ता, डा0 राजीव गुप्ता, सत्यम गुप्ता ,ब्रजेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल,निशित गुप्ता, शरद गुप्ता, करुण गुप्ता, अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, स्कंद गुप्ता, महेंद्र प्रताप, नवदीप, यशदीप गुप्ता, अनुज अग्रवाल,वैभव गुप्ता, धीरज गुप्ता,राजेश विचारक आदि लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम के माध्यम से योग के महत्व को बताया



**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को योग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीति शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और निरोग रहने के लिए प्रात : काल आधा घंटा रोज योग करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन ने सूर्य नमस्कार के कुछ योगासन और कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम विलोम जैसे प्राणायाम के बारे में और उनसे होने वाले लाभ के विषय में भी बताया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अशरफ,बबिता त्यागी,एमके भारती सहित एनएसएस के स्वयं सेवी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### रंजिश के चलते रुई में लगाई आग, हजारों का नुकसान



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मशीन के बराबर में रखी रूई में डीजल छिड़क कर आग लगा दी। आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला की है। यहां के निवासी संदीप कुमार पुत्र हरकिशन का कहना है कि वह रजाई गद्दे भरने का कार्य करता है। सोमवार की सुबह 8 बजे वह किसी काम से कमरे में गया और जैसे ही कमरे से निकलकर बाहर आया देखा तो उसी के सौतेले भाई ने डीजल छिड़क कर रूई में आग लगा दी। जिससे हजारों रुपए का नुकसान हो गया। दो नये गद्दे भी जलकर राख हो गए। पीड़ित ने सौतेले भाई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

### गर्मी से बच्चे भी बेहाल, स्विमिंग पूल बने सहारा



**हसनपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। आसमान से आग बरस रही है और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। जगह-जगह बने स्विमिंग पूल बच्चों और बड़ों, दोनों के लिए सबसे बड़ा सहारा बने हैं। दोपहर होते ही बच्चे टोलियों में स्विमिंग पूल की ओर रुख कर लेतीहे हैं। घंटों पानी में रहकर वे गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। बच्चे अपने दोस्तों के साथ तो कुछ अभिभावकों के साथ पूल में डुबकी लगाते दिख रहे हैं।

### लापरवाही पर पीएचसी में डॉक्टर की सेवाएं समाप्त

**अमरोहा अमृम विचार :** डीएम ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर संचालन के लिए लगभग 45 करोड़ के बजट का अनुमोदन दिया। कहा कि सभी कार्यक्रमों का विधिवत आयोजन कर बजट का सदुपयोग करें। किसी भी स्तर पर बजट में लापरवाही ना हो। इस दौरान शहर के मोहल्ला छेबड़ा में पीएचसी में कार्यरत डॉक्टर की सेवाएं समाप्त की है। सोमवार को स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं बेहतर संचालन के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों के लिए लगभग 45 करोड़ के बजट का अनुमोदन किया। डीएम ने बैठक में अमरोहा के मोहल्ला छेबड़ा पीएचसी में कार्यरत डॉक्टर इफरा की सेवाएं समाप्त करने का अनुमोदन दिया। कहा कि लगातार लापरवाही की जा रही थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल के दो अल्ट्रासाउंड मशीन अमरोहा और नौगांवा सीएचसी में लगाई जाएंगी। सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग अभियान के दृष्टिगत प्रभावी कार्रवाई की जाए। दवाओं का छिड़काव प्राथमिकता से हो। पोषण पोटली हर हाल में टीवी के मरीजों को उपलब्ध कराई जाए। जिन पात्र व्यक्तियों के अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाए हैं इसी प्रकार जीरो पॉवर्टी के तहत जो परिवार चिन्हित किए गए हैं उनके शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए।मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल आदि रहे।

### सैदनगली महोत्सव में कव्वालियां सुन मुग्ध हो गए लोग




**सैदनगली,अमृत विचार :** सैदनगली महोत्सव में सोमवार की रात कव्वाली का आयोजन किया गया। कलाकार नसीम आरिफ, राजा जानी, गुलनाज मीना नाज एंड पार्टी की कव्वाली नेु मग्ध कर दिया। कव्वाली कंपटीशन में देश भक्ति कव्वालियों ने समां बांध दिया। महोत्सव 20 जून तक चलेगा। जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। रोजाना नए कलाकार यहां के लोगों का मनोरंजन करेंगे। सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद,अमित प्रजापति, सभासद भगवत खड़कवंशी, सभासद नीरज कुमार कश्यप, सभासद अमित भाटी, सभासद मेहरबान, नीटू भाटी, सभासद राशिद अली, अवनीश शर्मा, नरेश सैनी, सत्यम गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्र सेवी संगठन ने जननायक बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**हसनपुर,अमृत विचार :** महान आदिवासी रक्षक एवं जननायक विरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर सैदनगली क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा चौराहे पर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि विरसा मुंडा को धरती आबा अर्थात पृथ्वी के पिता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश शासन, जमींदारों और मिशनरियों के शोषण के विरुद्ध आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने उलगुलान नामक एक बड़े विद्रोह का नेतृत्व किया। अपनी संस्कृति और परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित किया। डा रुमाल सिंह सैनी, बृजपाल सिंह, धर्म सिंह, शिवनरेश, जगराम सिंह, बृजपाल, वीरपाल, अंकित कुमार, गौरव, विशाल, काले खान, ब्रह्मपाल, मुन्नू, अमित कुमार, हर्ष देवल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्योहारा में बिजली कटौती से लोग बेहाल

**स्योहारा,अमृत विचार :**स्योहारा क्षेत्र में बिजली कटौती से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली कटने से कूलर, पंखे, एसी आदि उपकरण शोपीस बन गए हैं। वेल्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिलाई और छोटे दुकानदारों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। छात्र गर्मी और अंधेरे में पढ़ाई नहीं कर पा रहे। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए।

### मंदबुद्धि युवक का शव खेत में मिला

**बिजनौर,अमृत विचार :**एक मंदबुद्धि युवक का शव जंगल में पड़ा मिला। थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम ब्राह्मण वाला के निकट ग्राम नोआबाद शेखपुरा उर्फ अब्दलपुर निवासी एक 23 वर्षीय युवक मंदबुद्धि था। वह इधर-उधर भटकता रहता था। उसका शव ग्राम अब्दुलपुर के जंगल में खेत में पड़ा मिला। किसान ने घटना की सूचना अपने ग्राम प्रधान चंद्रवीर सिंह को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गुलदार ने घेर में बंधे बछड़े को बनाया निवाला

**स्योहारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में गुलदार का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की रात स्योहारा क्षेत्र के ग्राम पट्टी निवासी छुटन सिंह के बछड़े को गुलदार ने निवाला बना लिया। छुट्टन सिंह ने बताया कि रविवार की रात्रि को अपने घेर में बांध रखा था। सुबह 5 :00 बजे उठा तो बछड़े का आधा हिस्सा खाया हुआ पाया गया। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**बुरावली,अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र की पुलिस ने सोमवार की सुबह बुरावली-हिरनौटा मार्ग पर वारंटी राजवीर पुत्र शिवचरन निवासी हिरनौटा को गिरफ्तार कर लिया। संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।

# 72 शिकायतें आईं, 7 का किया निस्तारण

## तहसील गुन्नौर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता,संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार:** जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। गुन्नौर में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने शिकायतें सुनीं। 72 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराईं जिसमें से 7 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें। शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि एक अभियान चलाते हुए फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाई जाए। रजपुरा,जुनावई एवं गुन्नौर के खंड विकास अधिकारियों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कैम्प लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गुन्नौर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभागार कक्ष एवं परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने तहसील सभागार में लेखपाल एवं राजस्व कर्मचारियों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति कम है उसको बढ़ाया जाए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष आदि उपस्थित रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

**34 शिकायतें, 2 निस्तारित : संभल, अमृत विचार :** तहसील सभागार संभल में एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। भीषण गर्मी के चलते भी फरियादियों की भीड़ नहीं उमड़ी। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 4, विकास विभाग की 1, अन्य विभागों की 5 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 2 शिकायतों का मौके पर समाधान करा दिया गया।

## समाधान दिवस में 65 शिकायतों में 8 का निस्तारण किया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में65 शिकायतें आई, जिसमें 8 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

तहसीलदार रवि सोनकर व नायब तहसीलदार ललिता सिंह आादि अधिकारियों ने शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 23, पुलिस की 15, चकबंदी की 5, विकास की 4, खाद्य एवं रसद विभाग की 2, समाज कल्याण की 1 तथा 15 अन्य शिकायतें आई। जिसमें मौके पर राजस्व की 5, पुलिस की 1 व अन्य 2 सहित 8 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र समाधान की बात कही गई।

## सार-संक्षेप

### डीआईजी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**बिजनौर, अमृत विचार :**डीआईजी मुनिराज ने सोमवार को बिजनौर में पुलिस कार्यालय पर सलामी दी गई। उन्होंने एसपी अभिषेक झा, एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई, एसपी देहात के साथ पुलिस कार्यालय में प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आई .जी .आर .एस. कार्यालय, जन शिकायत प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पेशी कार्यालय अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं देहात, रिकॉर्ड रुम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ शाखा, रिट सेल, मानवाधिकार शाखा, पासपोर्ट शाखा, साइबर हेल्प सेन्टर आदि शाखाओं एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया। सभी अधिकारी,कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय रिकॉर्ड को दुरस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कमियों में सुधार के लिए अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश

### वाल्मीकि समाज के लोगों से ली जानकारी

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव निरयावली में रविवार को वाल्मीकि समाज की महिला को गेंद लगने पर वाल्मीकि समाज और यादव बिरादरी के लोगों में मारपीट के बाद सोमवार को एहतियातन पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस बीच राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिरसवाल गांव पहुंचे। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से मामले की जानकारी ली। प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। बताते चलें कि मारपीट में दोनों पक्षों से 7 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### शाह अब्बन बदरे चिश्ती के उर्स में सजाई महफिल

**अमरोहा,अमृत विचार :** हजरत शाह अब्बन बदरे चिश्ती के वार्षिक उर्स की शुरुआत हो गई है। शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित शाह की खानकाह में रविवार रात नातिया व मनकबती महफिल में शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर समा बांध दिया। मौलाना साद अमरोहवी, जुबैर इब्ने सैफी, मिर्जा साजिद अमरोहवी, अनीस अमरोहवी, रहबर रजा, नाजिश मुस्तफा, अशरफ फराज व हबीब अहमद समेत अन्य शायरों ने नातिया व मनकबती कलाम पेश किया, जिसे सुनकर श्रोताओं ने उन्हें खूब दाद दी। संचालन डा .नासिर अमरोहवी ने किया। इस दौरान दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद मसूद आलम चिश्ती, सैय्यद तकी उल हसन रिजवी, उवैस मुस्तफा रिजवी, सूफी मोईन उद्दीन, खलीफा माजिद, उबैद फहीम एडवोकेट, जाहिद कुरैशी, फारिक अजीम, इमदाद खान लोधी, अनस अब्बासी आदि मौजूद रहे। सोमवार सुबह को खानकाह शरीफ में महफिल समां का आयोजन किया गया। कव्वालों ने शाह की शान में कलाम पेश कर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया। इसके बाद दोपहर में अकीदतमंदों में लंगर वितरित किया गया। वक्फ कमेटी के सचिव जैद रिजवी ने बताया कि पांच दिवसीय उर्स का समापन गुरुवार रात टीपीनगर चौराहा स्थित रोजा-ए-मुकद्दसा पर कुल शरीफ की रस्म के साथ होगा। इस बीच दिन में खानकाह शरीफ तो रात में रोजा-ए-मुकद्दसा पर कव्वाली का आयोजन जारी रहेगा।

### कारपेंटर के घर से नकदी समेत डेढ़ लाख का माल चोरी

**भल/ओबरी,अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने कारपेंटर के घर से नकदी, जेवर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव मढ़न निवासी आसिफ अली पुत्र इलियास का घर गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है। आसिफ अली हरियाणा के हिसार जिले में कारपेंटर का काम करता है। वह बकरीद पर घर आया था। रविवार को रात परिवारआंगन में सोया था। रात में किसी समय नकब लगा कमरे में पहुंचे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ करीब 50 हजार रुपये, सोने चांदी के जेवर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का माल चोरी कर निकल गए। सोमवार को सुबह जब परिजन जागे तो कमरे का नजारा देखकर होश उड़ गए। अलमारी से नकदी और जेवर गायब थे। चोरी की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी जुट गए। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। आसिफ अली ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, दंपती और बेटा घायल

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर इम्मा निवासी नाजिम, पत्नी नाजरीन और बेटे गुलाम गौस के साथ सोमवार को कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर गांव में ननिहाल आ रहा था। बाइक सौंधन मोहम्मदपुर में बस स्टैंड पर पहुंची तो मोड पर तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। पैर में फ्रैक्चर होने के कारण नाजिम को संभल रेफर कर दिया गया जबकि नाजरीन और गुलाम गौस का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बाइक और पिकअप को कब्जे में ले लिया है।

### डॉ. अंबेडकर की 20 प्रतिज्ञाएं लीं

कुढफतेहगढ़ /चंदौसी, अमृत विचार, थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धनुपुरा में मूर्ति लगाने को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। रविवार को चंदौसी में मोहल्ला खुर्जा गेट स्थित अंबेडकर पार्क में बैठक में धनुपुरा गांव से अनुसूचित जाति के लोगों ने हिस्सा लिया | कार्यक्रम की अध्यक्षता राम रूप बौद्ध ने की। बैठक में अनुसूचित जाति के लोगों को प्रताड़ित करने का मुददा उठाया गया। इस दौरान 10 परिवारों ने बौद्ध धर्म अपनाने की प्रक्रिया में डॉ अंबेडकर की 20 प्रतिज्ञाएं अपनाने की शपथ ली। प्रवीण कुमार बंटी,अशोक कुमार मौर्य, नरेश भारती, अजीत सिंह बौद्ध ,विमल कुमार , रेवाराम, नरपत, राकेश, राजाराम, सुनील कुमार, प्रमोद, लकी सिंह आदि शामिल रहे।

# गणेश चतुर्थी रथयात्रा में शामिल होगी देवी अहिल्याबाई की स्वचलित झांकी

- समिति ने श्री गणेश मेला परिषद समिति के समक्ष रखा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेला गणेश चौथ की श्री गणेश रथयात्रा 27 अगस्त को निकाली जायेगी। इस बार देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर उनकी स्वचलित झांकी रथयात्रा में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। जिसे कमेटी ने स्वीकृत किया है। करीब 20 दिवसीय मेले में दूर-दूर के दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं।

सर्वधर्म सदभाव के प्रतीक मेला गणेश चौथ ने चन्दौसी को अलग पहचान दी है। इस वर्ष 25 अगस्त से मेले का शुभारंभ होना है। मेले का मुख्य आकर्षण श्री गणेश चतुर्थी रथयात्रा 27 अगस्त को निकाली जायेगी। सोमवार को देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति के संयोजक डॉ. टीएस पाल ने पदाधिकारियों के साथ श्री गणेश चौथ मेला परिषद के झांकी निदेशक ललित किशोर के समक्ष देवी अहिल्याबाई होल्कर की स्वचलित झांकी रथयात्रा का प्रस्ताव रखा जिसे झांकी निदेशक ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल पाल, महामंत्री राजेश पाल, डॉ. राजीव वार्ष्णेय, रविन्द्र कुमार रूपी, आकाश कुमार शर्मा, मुनेश धनगर आदि उपस्थित रहे।


झांकी निदेशक को प्रस्ताव पत्र सौंपते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने युवक के चाचा के घर जहर खाकर दी जान

- युवती पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने युवक की हरकतों से परेशान होकर उसके चाचा के घर पर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर युवती को परिजन जिला अस्पताल लाए तो उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में युवती पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को युवक परेशान करता था। आरोप है कि युवक द्वारा युवती को ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर युवती ने सोमवार को युवक के चाचा के घर पहुंचकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद युवती की हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में युवती को जिला अस्पताल लाए तो डॉक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई जिसके आधार पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर रही है।

# हाथी का शव खेतों में मिला बीमारी से मौत की आशंका

- कई दिनों से हाथी गांव और आसपास दिखाई दे रहा था

**बिजनौर,अमृत विचार:** इनायतपुर गांव के पास खेतों में एक जंगली हाथी की मौत हो गई। बीते कई दिनों से यह हाथी गांव और आसपास के क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों की मानें तो हाथी कुछ दिनों से थका-थका और बीमार दिखाई दे रहा था।

वन क्षेत्राधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि हाथी की उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी गई है। बीमारी से मौत की आशंका जताई जा रही है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चल पाएगा। शरीर पर किसी प्रकार की चोट या बाहरी हमले के संकेत नहीं मिले हैं। वन विभाग की ओर से मौके पर वन्यजीव विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीम भेजी गई है, जो हाथी के शव की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है किकोई वन्य जीव आबादी वाले इलाकों में प्रवेश करे, तो उसे तुरंत ट्रैक कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, जिससे ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी आराम सिंह पुत्र सुभाष बाबू ने अनुसार पंचायत घर के निकट सरकारी घूर खाद गड्ढे की भूमि है। इस पर गांव एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर लिया है। अधिकारियों से शिकायत की तो उक्त व्यक्ति ग्रामीणों को धमकी दे रहा है। आरोप है कि 8 जून को उक्त व्यक्ति अपने साथ कुछ लोगों के साथ उसके घर पहुंचा और मां के साथ गाली-गलौज की। उसके साथ मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित ने एसपी से उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क के बीच से बराबर भूमि लेने की मांग

- किसान संघर्ष समिति ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा ।

कहा कि चन्दौसी-शाहबाद मार्ग पर ग्राम असालतपुर जारई से 2 किलोमीटर आगे 5 मीटर चौड़ा कच्चा रास्ता बनियाठेर पर चन्दौसी-मुरादाबाद हाईवे पर जुड़ता है। उक्त मार्ग पर पीडब्लूडी द्वारा फोरलेन प्रस्तावित है। इसके लिए कच्चे रास्ते के बीच से दोनों तरफ की भूमि बराबर-बराबर नापनी चाहिए। एक फर्म का स्वामी खेतों में प्लाटिंग कर रहा है। उससे साठगांठ कर पीडब्लूडी के अधिकारी एक तरफ की भूमि सड़क में ले रहे हैं जो किसानों के साथ अन्याय है। सड़क के दोनों ओर बराबर भूमि ली जाए। किसानों को सर्किल रेट से 4 गुना मुआवजा दिया जाए। मांगों का निस्तारण नहीं किया गया तो समिति आंदोलन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा, अनिल कुमार, देशपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, शानू शर्मा, राहुल कश्यप आदि मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपते समिति पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# कब्जा मुक्त भूमि पर 35 लाख में बनेगी सड़क


कब्रिस्तान की दीवार बनाते मजदूर। ● अमृत विचार

- विनियमित क्षेत्र से किया जाएगा 21 मीटर चौड़ी सड़क व फुटपाथ का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कब्रिस्तान से कब्जा मुक्त कराई गई 50 मीटर भूमि व सड़क को मिलाकर विनियमित क्षेत्र से नई सड़क व फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। सड़क व फुटपाथ का निर्माण में 35 लाख रुपये खर्च किया जायेगा। सड़क 21 मीटर चौड़ी हो जाएगी। विद्युत विभाग की ओर से शीघ्र ही पोल हटवाने का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। जिससे कब्रिस्तान के निकट रेलवे फाटक पर जाम से निजात मिलेगी।

कब्रिस्तान से सटे रेलवे फाटक की सड़क संकरी होने पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। दिसंबर माह में शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमें अनेक स्थानों से अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। कब्रिस्तान में आ रही सरकारी भूमि पर निशान लगा दिए गए। कहा गया कि स्वयं ही अतिक्रमण को हटा ले। ऐसा न करने पर 5 दिन पहले एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने नगर पालिका कर्मियों व पुलिस बल के साथ जेसीबी से अवैध कब्जा हटवा दिया। अब कब्जा मुक्त हुई भूमि पर 50 मीटर लंबी व 21 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाएगा जिसमें 2 मीटर फुटपाथ भी होगा। उक्त कार्य विनियमित क्षेत्र से 35 लाख रुपये की लागत से होगा। विनियमित क्षेत्र के जेई अमित कुमार ने बताया कि शीघ्र ही सड़क व फुटपाथ का निर्माण कार्य आरंभ कराया जाएगा। विद्युत विभाग के एसडीओ अजय कुमार चौरसिया ने बताया कि सड़क निर्माण अवरोध बन रहे पोलों को शीघ्र ही हटाने का कार्य कराया जाएगा जिसका स्टीमेट तैयार कराया जाएगा।

Admission Open | Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open | Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

